खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➞ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 19 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –10 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



इंदिरा गांधी की जयंती आज

■ मंदिर वाली गली..
■ दुनिया के संकट को... 04
■ इजरायल ने बताई अपनी गलती, क्यों...
■ साहस, शौर्य और संघर्ष की प्रतीक, श्रीमती... 09
■ खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट
■ चालू रबी सत्र में अब तक गेहूं की बुवाई... 11
■ अजेय भारत अब वन-डे...
■ ऑस्ट्रेलिया टीम की ताकत... 10




**फाइनल आज**
भारत विरूद्ध ऑस्ट्रेलिया
समय - 2.00 दोपहर

# क्रिकेट का बादशाह कौन ?.. महामुकाबला आज




## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बड़े जश्न की तैयारी, एयर-शो के साथ रंगीन होगा आगाज

### भारी उत्साह के बीच पूजा-पाठ, दुआओं, प्राथनाएं और अरदास भी चल रहीं

**नई दिल्ली/ अहमदाबाद, देशबन्धु।** दुनिया में क्रिकेट का बादशाह कौन होगा? इसके लिए आज वर्ल्ड कप क्रिकेट का महा मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले फाइनल मैच में हो जाएगा। अब तक अजेय रहे भारत का विजय रथ फाइनल में भी दौड़े, इसके लिए



### मोदी और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री के साथ कई हस्तियां रहेंगी उपस्थित

पूरे देश में भारी उत्साह के साथ पूजा-पाठ, दुआओं, प्रार्थनाओं और अरदासों का दौर चल रहा है। इस महामुकाबले में सीधे साक्षी बनने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ कई हस्तियां उपस्थित रहेंगी। वहीं लेजर शो और आतिशबाजी के साथ महामुकाबला प्रारंभ होगा।

### अहमदाबाद में पहुंच रहे देश-दुनिया के क्रिकेट प्रशंसक

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 2 बजे से भारत–ऑस्ट्रेलिया विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। मैच देखने के लिए देश–दुनिया के प्रशंसक अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। अहमदाबाद और करीबी शहरों के फाइव, थ्री स्टार और अन्य होटलों के रूम की मांग आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप 5–स्टार होटलों के रूम का किराया 3 लाख रुपए तक पहुंच गया है।

### उड़ानों की संख्या भी बढ़ी, दिल्ली-मुंबई से ट्रेन भी चलेंगी

क्रिकेट फैन्स की सहूलियत के लिए भारतीय रेलवे ने शनिवार को दिल्ली से अहमदाबाद के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। मैच के बाद ट्रेन देर रात 2:30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। ऐसी ही तीन ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद के बीच भी चलाई जा रही हैं। रेलवे के अलावा एयरलाइंस कंपनियों ने भी अहमदाबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की है। आमतौर पर शनिवार को मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोजाना 15 से 20 उड़ानें होती हैं। मैच के चलते उड़ानों की संख्या 25 तक जा पहुंची है।

### 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन उतरेंगे

शनिवार और रविवार को 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरने का अनुमान है। अहमदाबाद हवाई अड्डे की कैपेसिटी 30-40 चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग की है। ऐसे में कई प्लेन गांधीनगर और वडोदरा में पार्क होंगे। वहीं, वीवीआईपी के चार्टर्ड प्लेन को सूरत, राजकोट और वडोदरा में भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

**सार संक्षेप**

### बिहार में जहरीली शराब पीने से छह की मौत

**पटना।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के तीन गांवों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोलोमन टोला गांव के विक्रम कुमार और राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार और संतोष महतो तथा बाजपट्टी थाने के नरहर कलां गांव के महेश यादव और अवधेश यादव के रूप में हुई है। जिला एसपी मनोज तिवारी ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हमने लापरवाही के लिए एक पुलिस कर्मी और एक चौकीदार को निलंबित कर दिया है।

### अभिनेत्री विजयाशांति तेलंगाना में बनी कांग्रेस की मुख्य संयोजक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हाल में भाजपा छोड़कर पार्टी में लौटी पूर्व लोकसभा सदस्य और प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयाशांति को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मुख्य समन्वयक और प्रचार समिति का संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल नेयह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने विजयाशांति के नेतृत्व वाली समन्वय समिति में 15 अन्य वरिष्ठ नेताओं को सदस्य नियुक्त किया है।

### आरबीआई के पूर्व गवर्नर एस वेंकट रमनन का निधन

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर एस वेंकटरमनन का निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली है। वे कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। वेंकटरमनन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 18वें गवर्नर रहे और उनका कार्यकाल 1990 से लेकर 1992 तक रहा। वेंकटरमनन ने 1985 से लेकर 1989 तक वित्त मंत्रालय में बतौर वित्त सचिव भी काम किया था। आरबीआई के गवर्नर पद संभालने के बाद वे राज्यपाल भी रहे।



## डीपफेक को लेकर कार्रवाई की तैयारी में सरकार

### प्रधानमंत्री के बाद राष्ट्रपति ने भी चिंता जताई

### आईटी मंत्री बोले- अगर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं उठाते पर्याप्त कदम तो हटा ली जाएगी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** डीपफेक मुद्दे को लेकर लगातार चिंता जाहिर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद इसका उल्लेख कर चुके हैं और अब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी इसे लेकर चिंता जताई है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में 2022 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के प्रोबेशनर्स अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस फोर्स के सामने साइबर अपराध, ड्रग तस्करी, वामपंथी कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसी चुनौतियां हैं। नई तकनीक और सोशल मीडिया के प्रभाव के चलते परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। अपराधियों द्वारा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है और डीप फेक जैसी चुनौतियां भी हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को हमेशा नई तकनीक से अपडेट रहना होगा ताकि अपराधियों पर बढ़त ली जा सके। ऐसे में अब आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी बयान सामने आया है। अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दावा किया कि सरकार जल्द ही डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से मुलाकात करेगी।



आईटी मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को दो टूक कहा कि अगर डीपफेक को हटाने के लिए प्लेटफॉर्म पर्याप्त कदम नहीं उठाते हैं तो उन्हें सेफ हार्बर क्लॉज के तहत जो सुरक्षा मिली है उसे हटा दिया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर कंपनियों को नोटिस जारी किया था और प्लेटफार्मों ने जवाब भी दिया, लेकिन कंपनियों को ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने में अधिक आक्रामक होना होगा। उन्होंने कहा, वे कदम उठा रहे हैं लेकिन हमें लगता है कि कई और कदम उठाने होंगे। और हम बहुत जल्द शायद अगले तीन–चार दिनों में सभी प्लेटफॉर्मों के साथ एक बैठक करने जा रहे हैं। हम उन्हें इस पर विचार–मंथन के लिए बुलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि प्लेटफॉर्म इसे (डीपफेक) रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक के लिए मेटा और गूगल जैसे बड़े मंचों को बुलाया जाएगा, अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईटी अधिनियम के तहत प्लेटफार्मों को वर्तमान में जो सेफ हार्बर इम्युनिटी मिली है, वह तक तब लागू नहीं होगी जब तक कि वे पर्याप्त कार्रवाई नहीं करते हैं।

## झारखंड में सड़क हादसा, 6 बारातियों की दर्दनाक मौत



**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिला में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा मुफस्सिल थाना और भरकट्टा आप के सीमा पर हुआ, जिसमें चालक समेत 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि बिरनी प्रखंड के थोरिया गांव से सभी लोग बारात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकोडाह गए हुए थे। बारात से वापस लौटते हुए यह घटना घटी। ड्राइवर की लापरवाही या नींद आने की वजह से ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया और स्कॉर्पियो जाकर पेड़ से टकरा गई।

इस घटना में याकूब अंसारी, युसूफ मियां, सुभान अंसारी, इम्तियाज अंसारी और चालक सगीर अंसारी समेत 6 लोगों की मौत हुई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम फैल गया है। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय मुखिया रामेश्वर वर्मा के मुताबिक घटना बेहद ही दर्दनाक थी। घटना की सूचना पाकर वे खुद तुरंत पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एक–एक कर डेड बॉडी को भारी मशक्कत के बाद स्कॉर्पियो से बाहर निकाला।

### लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी

## चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में निजी विधेयक सदस्य पेश तो कर देते हैं, लेकिन उस पर चर्चा कम ही होती है। आंकड़े बताते हैं कि अभी भी इस निचले सदन में 713 निजी विधेयक लंबित पड़े हैं। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई।

इनमें से कई विधेयक दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में बदलाव से जुड़े हैं। इसमें से कई विधेयक मौजूदा लोकसभा के गठन के बाद जून 2019 में पेश किए गए थे। वहीं कुछ विधेयक इसी साल अगस्त में हुए मानसून सत्र के दौरान भी पेश किए गए।

### कई विधेयक दंड प्रावधानों से हैं जुड़े

मालूम हो कि निजी वे विधेयक वे होते हैं,जो सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि सांसद अपनी निजी हैसियत से पेश करते हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता,जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से जुड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि एक बार जब किसी निजी विधेयक पर बहस समाप्त हो जाती है तो संबंधित मंत्री उसमें हस्तक्षेप करते हुए सरकार का पक्ष और मत रखते हैं और संबंधित सदस्य से विधेयक वापस लेने का अनुरोध भी करते हैं।

PATANJALI®
wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

फेस्टिवल सीजन के बाद और शादी, समारोह के पहले पतंजलि वेलनेस आ कर स्वयं को डिटॉक्स और रोगमुक्त कीजिए।

मात्र एक सप्ताह में ही, सभी लाइफस्टाइल डिज़ीज की एलोपैथी दवाइयां बन्द हो जाती हैं और रोग जड़ से मिट जाते हैं तथा मोटे लोगों का हर दिन एक से डेढ़ किलो वजन कम हो जाता है। दिल्ली–एनसीआर, मुम्बई व अन्य महानगरों में AQI लेवल 500 तक पहुँच चुका है। ऐसे में बी पी, शुगर, थायरॉइड, अस्थमा व आर्थराइटिस आदि रोगों को जड़ से मिटाने व रोग मुक्त तथा दवा मुक्त स्वस्थ जीवन जीने के लिए आप पतंजलि वेलनेस, योगग्राम व निरामयम् में जीवन का दिव्य अनुभव प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित हैं।



लगभग 500 से अधिक इंटीग्रेटेड थैरेपी जैसे– पंचकर्म, षट्कर्म, श्रृंगी, पंच महाभूत, साइंटिफ़िक व ऑथेंटिक चिकित्सा जिससे हमनें करोड़ों लोगों को रोग मुक्त किया है आप भी इनका लाभ उठाइये।

ठंड के मौसम से आर्थराइटिस, सोराइसिस, बी पी, अस्थमा, हार्ट आदि के रोग तेजी से बढ़ते हैं। पतंजलि वेलनेस में आ कर इन रोगों को क्योर करें एवं लीवर, किडनी, हार्ट फेलियर (ब्लॉकेज एवं Low EF), कैंसर व टाइप 1 डायबिटीज़ जैसे रोगों से पीड़ित बच्चे और इंसुलिन डिपेंडेंट इंसुलिन छोड़ने के लिए अवश्य आयें।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222,8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)
या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com
यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ आ कर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

इंटरनेट पर सर्च करने पर बहुत ही फ्रॉड फोन नम्बर मिलते हैं, उनसे बचें।
पतंजलि वेलनेस में रजिस्ट्रेशन मात्र इन्हीं मोबाइल नंबरो के माध्यम से किया जाता है। यदि इन नंबर के अतिरिक्त आपके पास कोई कॉल आता है, तो उसे फ्रॉड कॉल समझें। पतंजलि वेलनेस का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)



Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

चूहा-सुनती हो- लोकसभा में 713 निजी विधेयक चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं।

चुहिया- हां प्रिये- माननीयों को हंगामों से फुर्सत मिले तब तो इन विधेयकों पर चर्चा हो।

# देश-विदेश

## उत्तर प्रदेश में हलाल उत्पादों पर प्रतिबंध, आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड प्रोडक्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अवैध कारोबार हो रहा है। यही नहीं, सर्टिफिकेशन से होने वाली अवैध कमाई से आतंकी संगठनों और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फंडिंग की जा रही है। इधर, लखनऊ के ऐशबाग के रहने वाले शैलेंद्र कुमार शर्मा ने हजरतगंज थाने में गुरुवार (16 नवंबर) को हलाल सर्टिफिकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई, जमीयत उलेमा मुंबई शामिल हैं। ये वेज फूड को भी सर्टिफाइड कर रही थीं।

# उत्तरकाशी टनल में 5 जगहों से बचाव अभियान

## टनल में 7 दिन से फंसे हुए हैं 41 मजदूर, मशीन ले जाने के लिए सड़क बनने शुरू



**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विशेषज्ञों ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। इस काम में मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे पास टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा जगहें नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील से कवर्ड हो चुकी है। जिस जगह से ड्रिलिंग होनी है, उसे चिह्नित कर लिया गया है। बीआरओ ने पहाड़ के ऊपर मशीन ले जाने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।

**अंदर फंसे के बीमार पड़ने का डर**-शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह कहा कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।

आधुनिक तकनीक की ले रहे मदद : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है।

## 41 मजदूरों को बचाने के लिए अब भगवान का सहारा

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले की निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में एक हफ्ते से फंसे मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव करने वाले अब भगवान की शरण में पहुंच गए हैं। सुरंग के मुहाने पर एक छोटा सा मंदिर स्थापित किया गया है। इसकी शुरुआत नारियल फोड़कर और झंडा लगाकर किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सुरंग की स्थापना करने के दौरान एक मंदिर ढहा दिया गया था। इससे स्थानीय देव बाबा बौखनाग नाराज हो गए और उनके प्रकोप की वजह से ही सुरंग के अंदर यह हादसा हो गया। सुरंग का एक हिस्सा ढहने से उसके अंदर फंसे श्रमिकों की संख्या 40 से बढ़कर अब 41 हो गई है।

# चक्रवाती तूफान 'मिधिली' कमजोर पड़ा

## उत्तरी त्रिपुरा के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र में बदला



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार को कमजोर होकर उत्तरी त्रिपुरा और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि मिधिली के उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान कम चिह्नित होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की भी भविष्यवाणी की है।

आईएमडी ने कहा, शनिवार और 20 नवंबर के दौरान तमिलनाडु और केरल में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है, जबकि

### कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान

21 नवंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में और 22 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि 18 से 22 नवंबर के दौरान इन उपरोक्त क्षेत्रों में छिटपुट गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इसने यह भी अनुमान लगाया कि शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की उम्मीद है। आईएमडी ने घने कोहरे की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि शनिवार, रविवार के दौरान पूर्वी और दक्षिणी असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

### गाजा में खान यूनिस के पास आईडीएफ के हवाई हमले से कोहराम

# एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग का आज 43वां दिन है। इजराइल की तरफ से गाजा पर विध्वंसक हमले लगातार जारी हैं। एयर स्ट्राइक की वजह से गाजा के कई शहरों की बिल्डिंग मलबे में तब्दील हो गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है।

इजराइल ने अपने मंसूबे पहले ही साफ कर दिए थे, कि वह जब तक हमास और उसके ठिकानों को पूरी तरह बर्बाद नहीं कर देगा, वह इस युद्ध पर पूर्ण विराम नहीं लगाने वाला है। इसी बीच इजराइल की तरफ से फिर से एयर स्ट्राइक की गई। गाजा के दक्षिणी शहर में हुए इस हवाई हमले में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी गाजा के खास युनिस में यह एयर स्ट्राइक की गई है। गाजा के मुख्य शहर में होने वाले हमलों से बचने के लिए मृतक परिवार दक्षिण गाजा आया था। लेकिन, यहां भी इजराइल की तरफ से हुए हवाई हमलों में, एक ही परिवार के ग्यारह लोग मारे गए। मरने वालों में बच्चे और नवजात भी शामिल हैं।

**कुल 35 लोगों की मौत**-हमास के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि, ढ्ढष्ठस्न की ओर से किए गए खान यूनिस और रफाह इस हमले में कुल 35 लोगों की जान गई है। हमले में कुछ ऐसे भी लोग थे जिनकी जान बच गई। इन्हीं सर्वाइवर में एक हैं अला अबु हसीरा। इस हवाई हमले में पीड़ित महिला ने बताया की हमले में उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों को खो दिया, जिसमें एक बेटा और बेटी शामिल है। साथ ही महिला की सभी बहनों की भी मौत हो गई।

**15 लाख लोग विस्थापित**-मृतकों के अलावा कई लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अभी भी कई लोगों की हालात गंभीर बताई जा रही है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, युद्ध के कारण गाजा में 1.5 मिलियन (15 लाख) लोगों के आंतरिक रूप से विस्थापित होने की आशंका है। वहीं, युद्ध के कारण अभी तक 11,470 फिलिस्तीनियों की गाजा पट्टी में मौत हो चुकी है। फिलिस्तीन मंत्रालय के अनुसार अभी तक कुल मृतकों की संख्या में कमोबेश 4700 बच्चे और 3100 से ज्यादा महिलाओं की मौत हो चुकी है। यह आंकडें बीते हफ्ते जारी किए गए थे। गाजा शहर के शिफ़ा अस्पताल में स्थित फिलिस्तीन मंत्रालय के अधिकारियों ने, बिजली कटौती के कारण आंकड़े जारी करना बंद कर दिया है।

# उतरेगा 350 किलो का रोवर, चंद्रयान-3 के बाद दो अभूतपूर्व मिशन को अंजाम देगा इसरो

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद सभी की निगाहें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले मून मिशन पर टिकी हुई हैं। आने वाले दिनों में भारतीय स्पेस एजेंसी दो अभूतपूर्व मून मिशन को अंजाम देने वाली है।



अहमदाबाद में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी/इसरो) के निदेशक निलेश देसाई ने खुलासा किया कि इसरो के आने वाले मिशन - ख्क्क्ष× और चंद्रयान-4, महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित होंगे। बता दें ख्क्क्ष× का लक्ष्य सटीक लैंडिंग तकनीक का उपयोग करते हुए चंद्रमा के अंधेर वाले पक्ष 90-डिग्री पर 350 किलोग्राम वजनी लैंडर को उतारना है।

पुणे में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के 62वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान देसाई ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन से पैदा हुए उत्साह के बाद, हम अब यूनाइटेड लूनर पोलर रिसर्च मिशन शुरू कर रहे हैं, जो चंद्रयान-3 की आगे की कड़ी है। हमारा उद्देश्य 350 किलोग्राम वजन वाले एक महत्वपूर्ण रोवर को उतारना है। इसकी तुलना में चंद्रयान-3 के रोवर का वजन केवल 30 किलोग्राम था, इसलिए यह मिशन काफी बड़ा होगा।

चंद्रयान-4 मिशन के बारे में बताते हुए देसाई ने कहा इस मिशन की योजना चंद्रमा से सैंपल कलेक्ट कर और वापस लौटने की है। देसाई ने कहा, इस मिशन में हम चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे और नमूने लेकर लौटेंगे। लैंडिंग प्रक्रिया चंद्रयान-3 के समान होगी, लेकिन सेंट्रल मॉड्यूल सैंपल कलेक्ट वापस आ जाएगा। इसके बाद यह पृथ्वी के वायुमंडल के करीब आकर अलग हो जाएगा। यह मॉड्यूल चंद्रमा से मिट्टी और चट्टान के नमूने के साथ वापस आ जाएगा। यह एक महत्वाकांक्षी प्रयास है जिसे हम अगले पांच से सात साल में पूरा करना चाहते हैं।

बता दें चंद्रयान-3 मिशन 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरा। यह कदम स्पेस की दुनिया में एक महत्वपूर्ण छलांग साबित हुआ है। इस मिशन की सफलता के बाद भारत ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने वाला अमेरिका, चीन और रूस के बाद चौथा देश बन गया। खास बात यह है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर हुई, जहां पर अभी तक कोई भी देश नहीं पहुंच पाया है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने वर्ल्ड कप फाइनल को बंद करने की दी धमकी



**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कथित तौर पर एक और नया वीडियो जारी कर आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 फाइनल को बंद करने की धमकी दी है।

पन्नू के धमकी भरे बयान के बाद मैच के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियों और गुजरात पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। विश्व कप मैच में भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधान मंत्री रिचर्ड मार्ल्स शामिल होंगे।

यह पहली बार नहीं है, जब पन्नुन ने धमकी भरा वीडियो जारी किया। इससे पहले अक्टूबर में पन्नून ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजराइल-फिलिस्तीन

## जारी किया वीडियो

युद्ध से सीखने की धमकी दी थी। सितंबर में साइबर क्राइम पुलिस ने 5 अक्टूबर को शहर के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप के उद्घाटन मैच को बाधित करने की धमकी देने के आरोप में पन्नू के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। पन्नू पर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया गया था। ताजा धमकी भरे वीडियो में पन्नू ने कहा कि 19 नवंबर को वैश्विक सिख समुदाय अहमदाबाद हवाई अड्डे, अमृतसर और दिल्ली से एयर इंडिया का बहिष्कार करने जा रहा है। इन हवाईअड्डों को बंद करें। 19 नवंबर को एयर इंडिया का बहिष्कार करें। धमकी के बाद अहमदाबाद, दिल्ली और अमृतसर हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप से ही मणिपुर में होगी शांति बहाल

## 10-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से किया शांति वार्ता करने का आग्रह

**इंफाल।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच 10-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल अनुसुइया उइके से युद्धरत समुदायों के बीच शांति वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है।

राजभवन द्वारा जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है। कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार (17 नवंबर) शाम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि केंद्र, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बिना राज्य में शांति बहाल नहीं की जा सकती।

**दोनों समुदायों के साथ शांति वार्ता तत्काल शुरू करने की मांग**-बयान में कहा गया है कि उन्होंने दोनों समुदायों के साथ शांति वार्ता तत्काल शुरू करने की मांग की ताकि चल रहे संघर्ष का एक स्थायी समाधान प्राप्त किया जा सके। मणिपुर में कुकी-जो जनजातियों के अग्रणी संगठन आईटीएलएफ ने बुधवार को उन क्षेत्रों में स्व-शासित अलग प्रशासन स्थापित करने की धमकी दी थी,जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की।

**प्रधानमंत्री से संपर्क करने का आग्रह**-राज्य सरकार ने कुकी-जो समुदाय के सदस्यों के प्रभुत्व वाले जिलों में स्वशासित अलग प्रशासन के स्वदेशी जनजातीय नेता मंच के आह्वान की कड़ी निंदा की है और इसे अवैध बताया है। प्रतिनिधिमंडल ने उइके से विरोधी समुदायों के साथ बातचीत शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री से संपर्क करने का आग्रह किया है। इसके अलावा राज्यपाल से संघर्ष का समाधान खोजने के लिए प्रधानमंत्री के साथ मणिपुर में सभी राजनीतिक दलों की बैठक की सुविधा प्रदान करने की अपील की है।

**प्रतिनिधिमंडल में कौन-कौन शामिल** -प्रतिनिधिमंडल में, जेडी, एनसीपी, आरएसपी और एसएस के प्रतिनिधि शामिल थे। उइके ने राजनीतिक नेताओं को राज्य में शांति और सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए दोनों समुदायों के साथ बातचीत प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है। राजभवन के बयान में कहा गया है, %बातचीत प्रक्रिया शुरू करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा और वह राज्य के सभी राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री से संपर्क करेंगी।, उइके ने नेताओं से यह भी कहा कि उन्होंने अशांति के बारे में रिपोर्ट सौंप दी है और वह केंद्रीय नेताओं के संपर्क में हैं। मई में पहली बार जातीय संघर्ष भड़कने के बाद से मणिपुर बार-बार होने वाली हिंसा की चपेट में है। तब से अब तक 180 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

## टीम इंडिया ने जीता वर्ल्ड कप तो 100 करोड़ रुपये बांटेगी ये स्टार्टअप कंपनी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसकी 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ खिताबी भिड़ंत होने जा रही है। भारतीय टीम 12 वर्ष पूर्व अपनी ही धरती पर श्रीलंका को रूस्र धोनी की कप्तानी में पटखनी देकर दूसरी बार वर्ल्ड विजेता बनी थी।

धोनी ने करिश्माई छक्का जड़कर भारतीय टीम को 28 वर्ष पश्चात् वर्ल्ड चैंपियन बना दिया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने के मुहाने पर खड़ी है। मौजूदा वर्ल्ड कप में भारतीय टीम अबतक अजेय है तथा 10 मैच में से 10 में जीत के साथ फाइनल में पहुंची है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है।

हर कोई अपने अपने तरीके से भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करने में जुटा है। ऐसे में एक एस्ट्रो स्टार्टअप कंपनी एस्ट्रोटॉक के फाउंडर और सीईओ पुनीत गुप्ता ने भारतीय टीम की वर्ल्ड कप जीत से जुड़ा एक बड़ी घोषणा कर दी है। पुनीत गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है जिसमें उन्होंने वर्ष 2011 में भारतीय टीम के वर्ल्ड चैंपियन बनने की अपनी यादों को साझा किया है। इसी पोस्ट में उन्होंने एस्ट्रोटॉक के यूजर्स से एक बड़ा वादा भी कर दिया। पुनीत गुप्ता ने कहा है कि यदि भारतीय टीम इस बार वर्ल्डकप जीतने में सफल होती है तो उनकी कंपनी एस्ट्रोटॉक 100 करोड़ रुपये अपने यूजर्स को बांटेगी।

पुनीत ने अपनी वर्ष 2011 की विश्व विजय की यादों को ताजा करते हुए कहा, पिछली बार जब भारत ने वर्ष 2011 में वर्ल्ड कप जीता था तब मैं कॉलेज में पढ़ रहा था। वो दिन मेरे जीवन के सर्वाधिक खुशी वाले दिनों में से एक था। मैंने वो मैच अपने दोस्तों के साथ कॉलेज के करीब एक ऑडीटोरियम में देखा था।

## इंडोनेशिया ने रोहिंग्या शरणार्थियों को समुद्र में भगाया

# 250 से ज्यादा लोगों से भरी नाव लापता

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया ने रोहिंग्या शरणार्थियों को अपने देश में रखने से इनकार कर दिया है और ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को लकड़ी की नाव में खचाखच भरे 250 से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थियों को इंडोनेशिया की सरकार ने देश में घुसने से रोक दिया।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लकड़ी की नाव में सवार लगभग 250 रोहिंग्या शरणार्थियों को पश्चिमी इंडोनेशिया से वापस समुद्र में भेज दिया गया है, लेकिन अब इस नाव का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है, कि वापस लौटाए जाने के बाद ये नाव कहां गई है, फिलहाल इसका कोई पता नहीं चल पाया है, लिहाजा किसी अनहोनी की आशंका भी मंडरा रही है। सताए गए म्यांमार अल्पसंख्यकों का ये ग्रुप गुरुवार को इंडोनेशिया के आचे प्रांत के तट पर पहुंचा था, लेकिन गुस्साए स्थानीय लोगों ने उन्हें नाव तक से नहीं उतरने दिया। हालांकि, कुछ शरणार्थी फिर तैरकर तट पर आ गए और समुद्र तट पर थकावट के कारण गिर पड़े। लेकिन, उन्हें फिर से नाव पर वापस भेज दिया गया।

आचे प्रांत के एक तट से भगाए जाने के बाद जर्जर नाव में सवाल ढाई सौ से ज्यादा लोग दर्जनों किलोमीटर की यात्रा करने के बाद एक बार फिर से आचे प्रांत के उत्तरी

## अनहोनी की आशंका

हिस्से में स्थित तट तक पहुंचे। लेकिन, वहां भी उन्हें तट से उतरने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, समुद्र तट पर जैसे ही शरणार्थी उतरे, वहां भारी संख्या में स्थानीय निवासी पहुंच गये और फिर से उन्हें नाव पर बिठाकर वापस भेज दिया गया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, रोहिंग्या शरणार्थियों का ये दल करीब 3 हफ्ते पहले बांग्लादेश से रवाना हुआ था और इंडोनेशिया के आते प्रांत के तट पर पहुंचा था, लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया।

रोहिंग्या मुस्लिमों की लंबी यात्रा

ज्यादातर मुस्लिम रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग मलेशिया या इंडोनेशिया पहुंचने की कोशिश के लिए हर साल लंबी और महंगी समुद्री यात्रा पर, अक्सर कमज़ोर नावों में, अपनी जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। उत्तरी आचे में एक पारंपरिक समुदाय के नेता सैफुल अफवादी ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, कि हम उनके आने से तंग आ चुके हैं। वो यहां आने के बाद काफी गलत काम करते हैं। देश के अलग अलग इलाकों में भाग जाते हैं। उनमें कई प्रकार के एजेंट होते हैं। यह मानव तस्करी भी है।

वहीं, रोहिंग्या अधिकार संगठन अराकान प्रोजेक्ट के डायरेक्टर क्रिस लेवा ने कहा, कि ग्रामीण उन्हें इसलिए नहीं आने देते हैं, क्योंकि उनके पास अतिरिक्त सुविधाओं का अभाव होता है।

## राजस्थान में खड़गे ने भाजपा को घेरा

# कांग्रेस की गारंटियों को कॉपी पेस्ट कर रही भाजपा के पास नियत व नीति नहीं

**जयपुर, (एजेंसियां)।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, ने शनिवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में उनकी पार्टी की चुनावी गारंटी को कॉपी-पेस्ट करने का असफल प्रयास किया है।



खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत और नीति नहीं है। कांग्रेस ने राजस्थान और अन्य राज्यों में गारंटी के रूप में दिया है। प्रधानमंत्री और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी और बीजेपी ने कई कोशिशों के बाद हमारी असली गारंटी की नकल करना बेहतर समझा। उन्होंने चुनाव से पहले जल्दबाजी और असफल तरीके से झूठा एजेंडा परोसने की कोशिश की। कांग्रेस जानती है कि कांग्रेस ने काम किया है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सात गारंटी जमीनी स्तर तक पहुंचे। 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

शुक्रवार को, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी रेगिस्तानी राज्य में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था, जबकि उनके भाई और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने एक दिन पहले तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था। कांग्रेस राजस्थान में लगातार दूसरा कार्यकाल चाह रही है, जहां हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा है। सत्ता बरकरार रखने के लिए कांग्रेस अपनी जन-समर्थक योजनाओं और लोगों के लिए घोषित सात गारंटियों पर भरोसा कर रही है।

# देश-प्रदेश

उवाच

## गेंदबाजों ने अब तक शानदार काम किया

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने अब तक शानदार काम किया है। हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 300 के अंदर रोक कर बहुत अच्छा काम किया है। स्पिनर्स ने भी अब तक अच्छा काम किया है। वहीं, दूसरे हाफ में हमने लक्ष्य का बचाव किया है। शमी सिराज बुमराह को पता है कि उन्हें क्या करना है। स्पिनर्स को पता था कि मिडिल के ओवर में उन्हें विकेट चटकाना है। तो अब तक सबने अपने रोल को बखूबी निभाया है।



मतदान होते ही खत्म हुई राजनीतिक खटास

## शिवराज ने दी कमलनाथ को जन्मदिन की बधाई





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए हुए मतदान सम्पन्न होने के साथ ही नेताओं के बीच राजनीतिक खटास खत्म हो गई है। अब इनके बीच परंपरागत सद्भाव दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लिखा कि 'माननीय कमलनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, भगवान महाकाल से आपके स्वस्थ्य, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।'

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह ने भी ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने कमलनाथ को बधाई दी कि 'पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के यशस्वी अध्यक्ष, माननीय कमलनाथ जी को जन्मदिवस की अनंत व अशेष शुभकामनाएं, मैं ईश्वर से आपके उत्तर स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करता हूं।'

उल्लेखनीय है कि आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का जन्मदिन है, वह आज 77 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन पर शुक्रवार देर रात से ही उनके बंगले पर बधाई देने के लिए आने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था। कमलनाथ को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही विपक्षी दलों के नेताओं अन्य समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बधाई दी है।

निर्वाचन कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

## प्रदेश में 77 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए हुए मतदान का प्रतिशत बढ़कर 77.15 प्रतिशत हो गया है। वहीं राज्य के आदिवासी अंचलों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी काार्यालय से शनिवार रात मतदान प्रतिशत के अंतर्गत अनंतिम आंकड़े जारी किए गए। जिसके अनुसार प्रदेश में 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 76.03 प्रतिशत महिलाओं और 78.21 प्रतिशत पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

प्रदेश में विधानसभा की 230 सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के बाद देर रात आयोग ने प्रदेश में 76.22 प्रतिशत मतदान के आंकड़े जारी किए थे। मतदान समाप्ति होने के बाद देर रात तक मतदान दल अपने गंतव्य पर लौटते हैं, जिस कारण पहले दिन मतदान के पूरे आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। आज अलग-अलग मतदान केन्द्रों की जानकारी अपडेट होने के बाद प्रदेश में मतदान का आंकड़े अब 77.15 प्रतिशत पहुंच गया है। यह 2018 के मुकाबले 1.52 प्रतिशत यानी करीब 2 प्रतिशत अधिक है।

उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में 85 फीसदी मतदान से ज्यादा मतदान हुआ है, जबकि आदिवासी मंडला और डिंडौरी में भी लगभग 83 फीसदी मतदान दर्ज हुआ। प्रदेश के 52 जिलों में मतदान के आंकड़े पर नजर डालें तो आगर मालवा 85.03, अलीराजपुर 60.10, अनूपपुर 77.03, अशोकनगर 78.77, बालाघाट 85.23, बड़वानी 74.93, बैतूल 80.70, भिंड 63.27, भोपाल 66.00, बुरहानपुर 76.68, छतरपुर 71.20, छिंदवाड़ा 82.20, दमोह 75.03, दतिया 75.30, देवास 81.22, धार 77.15, डिंडोरी 82.51, गुना 78.69, ग्वालियर 67.01, हरदा 81.89, इंदौर 70.54, जबलपुर 74.30 मतदान हुआ।

### आदिवासी इलाकों में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

जबकि झाबुआ 76.72, कटनी 75.43, खंडवा 4.93,खरगोन 78.89, मंडला 82.05, मंदसौर 83.28, मुरैना 68.27, नर्मदापुरम 81.85, नरसिंहपुर 82.80, नीमच 83.30, निवाड़ी 82.36, पन्ना 74.07, रायसेन 79.41, राजगढ़ 84.29, रतलाम 83.40, रीवा 66.85, सागर 75.64, सतना 73.25, सीहोर 81.54, सिवनी 85.68, शहडोल 77.90, शाजापुर 84.99, श्योपुर 79.52, शिवपुरी 78.83, सीधी 69.73, सिंगरौली 74.43, टीकमगढ़ 75.28, उज्जैन 78.36, उमरिया 76.57 और विदिशा में 79.20 प्रतिशत मत पड़े हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## भाजपा ने अटेर के 16 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने भिंड जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र के 16 मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में यहां मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है। अटेर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को 16 मतदान केंद्रों की सूची भेजकर वहां पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि 17 नवंबर को हुए मतदान के दौरान अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 11,12 खडित, 17, 41 निवारी, 48 बड़पुरा, 49 बड़पुरी, 55, 67, 69, 70, 71 किशुपुरा, 103 मनेपुरा, 169 पीथमपुरा, 170, 171, 211 बीसलपुरा में पदस्थ पीठासीन अधिकारियों व उनके दल द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलीभगत कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। उक्त मतदान केंद्रों पर बूथ कैप्चरिंग की घटना हुई, जिसकी शिकायत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तत्काल चुनाव आयोग को की गई थी, पर समुचित कार्यवाही नहीं हुई। इन शिकायतों पर संबंधित मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों ने भी निराकरण नहीं किया। एक मतदान केंद्र में मतदाता द्वारा एक से अधिक बार अपना मत ईवीएम में दर्ज कराया गया, जिसका वीडियो भी है, कई मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों को भी प्रभाव में रखकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ कैप्चरिंग की है। ऐसी स्थिति में इन 16 मतदान केन्द्रों पर पुनः मतदान कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वीरांगना लक्ष्मीबाई को देंगे पुष्पांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती और 1857 की क्रांति में शहीद हुई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झांसी की महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दोपहर12 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने यह जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इसके पूर्व पूर्वान्ह 11.15 बजे इंदिरा जी की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल व्हीआईपी रोड़ करबला कोहफिजा चौराहे पर पूर्वान्ह साढ़े11 बजे प्रियदर्शिनी पार्क पर और पूर्वान्ह 11बजकर 50 मिनट पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय परिसर में स्थिति इंदिरा जी की प्रतिमा पर, पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## कांग्रेस नेता की हत्या के विरोध में खजुराहो में धरने पर बैठे दिग्विजय



### हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें

**भोपाल, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में हुई चुनावी हिंसा में कांग्रेस नेता सलमान खान की निर्मम हत्या विरोध में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मृतक के परिजनों के साथ खजुराहों में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोगों पर नामजद रिपोर्ट होने के बाद भी हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि विक्रम सिंह नातीराजा को बचाकर सलमान खुद शहीद हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सलमान के परिवार के साथ है और सलमान के परिवार को गोद लिया जाएगा। उन्होंने सलमान के परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग भी सरकार से की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मतदान के पहले राजनगर विधानसभा में कांग्रेस समर्थक की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। मामले में भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया समेत 20 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया जा चुका है। समाचार लिखे जाने तक दिग्विजय सहित तमाम कांग्रेस नेता धरने पर बैठे थे। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती धरना खत्म नहीं होगा।

सीहोर विधानसभा में ग्रामीणों ने दिखवाया उत्साह

## मतदान में वरखेड़ा खरेट बना अव्वल,95 प्रतिशत ने डाले वोट

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को सीहोर जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। इसके साथ ही यहां के वरखेड़ा खरेट मतदान केंद्र क्रमांक में रिकार्ड मतदान हुआ है। इस केन्द्र पर मतदाताओं ने सबसे ज्यादा जागरूकता दिखाई। इस मतदान केन्द्र पर सर्वाधिक 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए।

चुनाव मतदान होने के बाद जिले के 39 प्रत्याशी और उनके समर्थक विभिन्न बूथों पर हुए मतदान को लेकर डाले गए वोट का मंथन के साथ जीत हार का गणित लगाते रहे। वहीं, अनेक प्रत्याशियों ने चुनाव मतदान होने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से चली आ रही चुनावी थकान को मिटाया। इसके साथ ही अब चुनावी चर्चाएं प्रत्याशियों के कार्यालयों के अलावा चौक-चौराहों और पान की दुकानों पर होने लगी है। आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने दलों के नेताओं को विजयी श्री का गुण गा रहे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सीहोर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा। वहीं, शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का प्रतिशत 54.83 तक नीचे रहा। सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्र क्रमांक 102 वरखेड़ा खरेट का रहा। यहां सीहोर विस का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 565 वोटरों में से 538 ने मतदान किया, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। यहां कुल वोटर 642 में से 352 ने मतदान किया। वहीं राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो इस बार कटनी में बढ़े मतदान प्रतिशत का रोल निभाने वाली महिलाएं हैं, जिन्होंने 75.05 प्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने का बेहतर कार्य किया है। जो पुरुषों से 0.5 प्रतिशत ही कम था। क्योंकि इस तरह से 76 प्रतिशत पुरुषों का मतदान रेसियो शामिल है। बात करे थर्ड जेंडर की इस बार इन्होंने 46.15 लोगों ने वोटिंग कर चौंका दिया, जो काफी ज्यादा माना जा रहा है। देखना यह है आने वाले तीन दिसंबर को ये वोटिंग किसका भाग्य उदय करेगी।

## आज से आम जनता के लिए खुलेगा ट्रेड फायर

### 700 सीसीटीवी कैमरे, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 नवंबर से शुरू हुआ भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला रविवार से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। छुट्टी का दिन होने के कारण उम्मीद है कि बड़ी संख्या में आम लोग व्यापार मेले में पहुंचेंगे। हालांकि शुक्रवार को भी हजारों की संख्या में व्यापारी वर्ग व्यापार मेले में पहुंचे थे।

मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आइटीपीओ ने बड़े स्तर पर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इस बार 700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो व्यापार मेले में चच्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। आइटीपीओ के विशेष कार्य अधिकारी कर्नल पुष्पम कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस बार बड़े स्तर पर व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। व्यापार मेले को पुलिस ने एक जिला घोषित कर दिया है।

पुष्पम कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस के एक उपायुक्त स्तर के अधिकारी की नियुक्ति मेले में की गई है। साथ ही एक एसीपी और एक थानाध्यक्ष की भी तैनाती रहेगी। इसके लिए एक पुलिस थाना भी व्यापार मेले में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सभी हाल में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां पर तैनात सुरक्षाकर्मी हर गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। साथ ही खोया-पाया केंद्र भी खोला गया है।

ओएसडी कर्नल पुष्पम कुमार ने बताया कि अर्द्धसैनिक बल के जवानों की भी तैनाती रहेगी। हालांकि प्रगति मैदान के अंदर की सुरक्षा सीआईएसएफ के पास है। हर साल सीआईएसएफ के जवान और अधिकारी व्यापार मेले में भी तैनात रहते हैं। इसके साथ ही करीब दस मचान बनाए गए हैं, जिन पर सुरक्षाकर्मी तैनात हमेशा रहेंगे और मेले में हर घटित होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

दरसअल मेले के दौरान अधिक भीड़भाड़ होती है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना ना घट जाए या फिर अफवाह फैलने से कोई अफरा-तफरी की स्थिति पैदा ना हो जाए, इसके लिए आइटीपीओ की ओर से हर साल सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाता है।

## तेलंगाना में सत्ता में आने पर कराएंगे मुफ्त में अयोध्या दर्शन



**हैदराबाद,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। अमित शाह ने गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया और वादा किया कि वह उन्हें मुफ्त में दर्शन के लिए अयोध्या भेजेगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पिछड़ा वर्ग (बीसी) से किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी। बीसी राज्य की आबादी का 52 प्रतिशत हैं और 135 बीसी समुदाय हैं, इसके बावजूद कोई बीसी मुख्यमंत्री नहीं था। बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर टिकट देने में अन्याय का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने बीसी को सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा ने भारत को पहला बीसी प्रधानमंत्री दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने बीआरएस को भ्रष्टाचार रिश्वत समिति करार दिया। आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान कई घोटाले हुए हैं। कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए 2 लाख रुपये आवंटित किए, उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अकेले तेलंगाना को 2.50 लाख करोड़ रुपए दिए। शाह ने कहा कि केसीआर की सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) की छह श्रेणियों की परीक्षाओं में 16 बार प्रश्न पत्र लीक हुए। भर्ती में भ्रष्टाचार के कारण युवाओं को आत्महत्या करनी पड़ी। हमने तय किया है कि अगर हम सत्ता में आए तो पांच साल में पारदर्शी तरीके से 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां मुहैया कराई जाएंगी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने तेलंगाना को निज़ाम के शासन से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि केसीआर को ओवैसी के कारण हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने में शर्मिंदगी हुई।

### मोदी सरकार में पिछड़ा वर्ग से 27 मंत्री

केसीआर के दलित को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के वादे को याद कराते हुए कहा कि केसीआर दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं और अब वह केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में बीसी से 27 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों बीसी विरोधी हैं। केवल भाजपा ही बीसी का कल्याण सुनिश्चित कर सकती है। तेलंगाना में आने वाला चुनाव पांच साल के लिए तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना चाहिए कि वे डबल इंजन विकास चाहते हैं या केसीआर के झूठे वादे। आरोप लगाया कि केसीआर ने झूठे वादे करने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मैं तेलंगाना के लोगों, विशेषकर युवाओं को बताना चाहता हूं कि बीआरएस को वीआरएस देने का समय आ गया है।

राज्यपाल ने आरक्षण संशोधन बिल को दी मंजूरी

## बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**पटना, देशबन्धु।** राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने आरक्षण संशोधन बिल 2023 को मंजूरी दे दी है। बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। एससी-एसटी, ओबीसी-ईबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा। इस संदर्भ में बिहार का सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से गजट प्रकाशन करेगा। उसके बाद यह लागू हो जाएगा। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में सर्वसम्मति से बिल पारित हुआ था। आरक्षण का दायरा 50 से 65 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद जोड़कर यह 75 प्रतिशत हो जाएगा।

### ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद आरक्षण रहेगा लागू

अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत, अति पिछड़ा जाति को 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग वाले लोगों को पहले की तरह 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

## कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती

**जम्मू, देशबन्धु।** यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीर में सर्दियों के मौसम में बार-बार होने वाली आग की घटनाओं से निपटने की खतरनाक चुनौती पिछले कई सालों से बनी हुई है। और इस साल भी सर्दी की शुरूआत के साथ ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने कर्मियों और मशीनरी को तैयार कर लिया है और राजधानी शहर श्रीनगर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 70 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा है।

जानकारी के लिए आमतौर पर, कश्मीर में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण शरद ऋतु के मौसम और सर्दियों की शुरुआत के दौरान आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, क्योंकि ठंड से निपटने के लिए गैस हीटर के अलावा हीटर, तेल से भरे रेडिएटर, इलेक्ट्रिक कंबल सहित बिजली के उपकरणों का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ऐसे में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सहायक निदेशक आकिब हुसैन मीर कहते थे कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### राज्य में हर साल 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं हो रही

उनके बकौल हमारे अग्निशमन कर्मी सतर्क स्थिति में हैं। केवल श्रीनगर शहर में 50 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि 20 से अधिक छोटे फायर टेंडर भी अग्निशामकों के निपटान में हैं। इसके अलावा, वे कहते थे कि शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों तक पहुंच को सक्षम करने के लिए छोटे आकार के फायर टेंडर शुरू किए गए हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, आर्मी नं. 2691104W RANK-EX HAV NAME ASADULLAH ANSARI S/O USMAN ANSARI UNIT 20 GRENADIERS R/O VILLAGE-NAULI, POST-NAULI, TEH-ZAMANIA DISTT- GHAZIPUR, STATE (UP) PIN-232333, शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MUSHRRAT JAHAN दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम एवं वास्तविक नाम MUSHARRAT JAHAN है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम MUSHARRAT JAHAN को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- MUSHRRAT JAHAN

सही नाम- MUSHARRAT JAHAN


विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी जानकारी

## 22 नवम्बर को जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विगत दस सितंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के समापन से पहले भारत जी20 नेताओं के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं का आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष सहित सभी जी-20 सदस्यों के नेताओं, साथ ही नौ अतिथि देशों और 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि नयी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया था।

वर्चुअल शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के प्रमुख, चयनित परिणामों/कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाएगा और साथ ही तब से हुए विकास की समीक्षा भी करेगा। कल 17 नवंबर को आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श भी चर्चा में शामिल होंगे। वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों सहित विभिन्न जी-20 निर्णयों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिये जाने की भी उम्मीद है।भारत के पास 30 नवंबर तक जी-20 की अध्यक्षता है। 2024 में ब्राज़ील की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 ट्रोइका में भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्ता कल

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच दूसरी टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता सोमवार को यहां होगी। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री सुश्री पेनी वोंग वार्ता के लिए रविवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे।

# साहित्य

पंजाबी कहानी

# मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लट्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

> राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़्मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।' 'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाईए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुश्की को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िर ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।' मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

---

संदर्भ : शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

# दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संजीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संज़ीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वगैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उतर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस ग़िरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे ग़र्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशग़ूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वगैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाज़ुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है।

जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है।

समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद खुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फिल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है ?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीकात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़्हार करते थे।

समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़दीक क्या है ?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

---

लघुकथा

## आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

सेठ जी हैरत से किशन का मुंह देख रहे थे।

## परिवर्तन होना चाहिए

वर्तमान समय में
मप्र में विधानसभा
चुनाव में दोनों लीडिंग
पार्टी ने अपने सूरमाओं को
ब्रम्ह अस्त्र के रूप में मैदान में उतारा
ये तो समय ही बताएगा
कौन सा ब्रम्ह अस्त्र निशाने पर लगा
हमने भी गांव जाकर
मतदातों को टटोला
मतदाता तो सुनता
सबकी बाते हैं पर
करता अपने मन की है
वह कहता है हमारा काम
किसी को बताना नहीं
चुपके से धीमी आवाज
में कहता है अब
परिवर्तन तो होना चाहिए
अब आने वाला समय
ही बताएगा ऊंट किस करवट बैठगा।

**मोहन सुरजन,**
**जबलपुर**

# 75.39 प्रतिशत मतदान जागरूकता की गतिविधियों के फलस्वरूप करीब 5 फीसदी अधिक पड़े वोट



**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिये कल शुक्रवार को हुये मतदान में जबलपुर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र में 75.39 प्रतिशत मतदान हुआ है । यह वर्ष 2018 में हुये विधानसभा चुनाव की तुलना में करीब 5 फीसदी अधिक है। इस बार ज्यादा मतदान होने की प्रमुख वजह लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलाये गये जागरूकता अभियान को मना जा रहा है ।

जिले में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार चलाई गई मतदाता जागरूकता की गतिविधियों के अंतर्गत फर्स्ट टाइम वोटर्स को प्रेरित करने जहाँ महाविद्यालयों में प्रश्नमंच से लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। रैलियों, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के लिये लोगों को जागरूक किया गया। रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्कूली बच्चों ने भी रैलियां निकालकर बड़ों को मतदान करने के लिये जागरूक किया । सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों भी जागरूकता की गतिविधियों में प्रशासन के सहभागी बने । व्यापारिक संगठनों द्वारा वोट डालने पर दिये गये छूट के ऑफर ने भी मतदान करने के लिये लोगों को प्रेरित किया सभी के मिलेजुले प्रयासों के फलस्वरूप युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति दी।

# बंधुआ गोदाम के भूखंडों के आबंटन की कार्यवाही को लेकर कमिश्नर न्यायालय द्वारा दावे आमंत्रित

**जबलपुर,देशबन्धु।** उच्च न्यायालय द्वारा याचिका डब्ल्यू पी 36/2019 एवं डब्ल्यू पी 9967/2023 में पारित आदेश के परिपालन में संभागायुक्त अभय वर्मा ने ट्रांसपोर्ट नगर चांडाल भाटा जबलपुर स्थित 572 भूखण्ड तथा बंधुआ गोदाम में लघु उद्योग निगम को आवंटित भूखण्ड क्रमांक 38 से 42 तक के भूखण्डों के आवंटन के संबंध में की जा रही कार्यवाही को लेकर याचिकाकर्ता लीज धारी व्यक्ति पक्षकार एवं अन्य हितबद्ध व्यक्ति या फर्म से इन भूखण्डों के संबंध में यदि वे अपना कोई दावा प्रस्तुत करना चाहते हों तो उनसे निर्धारित प्रारूप में मय दस्तावेजी साक्ष्य के 05 दिसम्बर 2023 तक दावा प्रस्तुत कर करने कहा है।

कमिश्नर न्यायालय के अनुसार निर्धारित प्रारूप में दावा कमिश्नर न्यायलय में प्रस्तुत किया जा सकेगा । प्राप्त दावों के परीक्षण उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित समयावधि में दावा प्रस्तुत नहीं करने पर यह अवसर समाप्त हो जायेगा । दावा प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्ररूप कमिश्नर न्यायालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप कमिश्नर न्यायालय की वेबसाइट https://jabalpurdivision-mp.nic.in/ पर भी उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर हार्डकापी में दावा 05 दिसम्बर 2023 तक कमिश्नर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।



# वर्ल्डकप फाइनल में भारत की विजय के लिए मां बड़ी खेरमाई से की प्रार्थना

## मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने भगवती से मांगा आशीर्वाद

**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्ल्डकप में भारत की विजय के लिए आज बड़ी खेरमाई मन्दिर में मातारानी का पूजन अर्चन कर प्रार्थना की गई द्य मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , सचिव शशिकांत मिश्रा , उपाध्यक्ष अनिल पाल आदि सदस्यों व पदाधिकारियों ने मां बड़ी खेरमाई से प्रार्थना की है कि वर्ल्डकप प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भारत का परचम फहराए मातारानी ऐसा वरदान दें जिससे दुनिया में भारत माता की जयजयकार गूंज उठे।




# चुनाव खत्म, भाजपा प्रत्याशी रोहाणी हुये सक्रिय, पार्टीजनों के साथ मंथन

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने यू.पी. बिहार, भोजपुरी समाज के "सूर्य नारायण षष्ठी पूजन" हेतु अधारताल, मानेगाँव, तालाबों का निरीक्षण किया इस हेतु नगर निगम अधिकारियों को साफ-सफाई एवं आवश्यक निर्देश दिए।

केंट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने केंट विधानसभा में शांतिपूर्वक एवं निर्विघ्न पूर्वक चुनाव सम्पन्न होने पर मतदाता बन्धुओं का, सम्मानीय पत्रकार बंधुओं का और मतदान में अपने सहयोग प्रदान करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माईकल प्रदीप कपूर, सर्वेश मिश्रा, बाबा श्रीवास्तव, गुल्लू दुबे, दामोदर सोनी, ऋषि यादव, श्रीमति सावित्री शाह, सोनू बचवानी डॉ. राजेश जायसवाल, डॉ. कमल विश्वास, प्रदीप यादव, रिक्की यादव, पुष्पराज सिंह सेंगर, शिव मोहन बघेल, श्रीमति रंजना दुबे, संयज दुबे, समरजीत सिंह, सोनू पिल्ले, विजयशंकर शुक्ला, घनश्याम मेहरा, सोनी पिल्ले सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में केक काटकर मनाया गया कमलनाथ का जन्मदिन

## विनय सक्सेना ने जताया सभी के प्रति आभार



**जबलपुर,देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना के राईट टाउन स्थित केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को भारत के कुशल राजनीतिज्ञ कमलनाथ का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

कांग्रेसजनों ने केक काटा और कमलनाथ के स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन के साथ प्रदेश में पुन: कांग्रेस सरकार बनने की कामना की। मतदान के दूसरे दिन विनय सक्सेना द्वारा चुनाव कार्यालय में ही पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें विनय सक्सेना ने चुनाव में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष साथ और सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुनाव और राजनीतिक जीवन में जिससे भी उनके संबंध बने हैं उसे सदा बनाए रखने का वे ईमानदारी से प्रयास करेंगे और सभी से अपने रिश्तों को और मधुर व प्रगाढ़ करना ही उनका प्रयास रहेगा। विनय सक्सेना ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री कमलनाथ होते ही वे अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के नएङ्कनए आयाम स्थापित करने और क्षेत्र की जनता को सुविधाओं की सौगातें दिलाने के प्रति पूरी तरह संकल्पित हैं। इस अवसर पर केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कांग्रेस के लगभग समस्त सम्माननीय वरिष्ठजन, पार्षदगण, पदाधिकारीगण, महिला शक्ति, कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतकगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पहली रोटी गौ माता को अभियान से की दिन की शुरुआत



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर मध्य विधानसभा के प्रत्याशी डॉ अभिलाष पांडे ने चुनाव के बाद शनिवार के दिन की शुरुआत गौ माता को रोटी खिलाकर रोजाना जारी अभियान से की। श्री पांडे ने शनिवार को अपने परिजनों, मित्र एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी अभियान के अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर श्री पांडे ने विश्वास जताया कि आने वाली 3 तारीख में जबलपुर की आठों सीटों पर ऐतिहासिक कमल खिलने जा रहा है।

# दर्शकों को लुभा रही रेलवे की प्रदर्शनी



**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल मंत्रालय 14 से 27 नवंबर तक प्रगति मैदान, में आयोजित होने वाले 42वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) - 2023 में भाग ले रहा है। रेल मंत्रालय ने बदलते भारत के बुनियादी ढांचे की थीम के साथ हॉल नंबर 5 में एक मंडप स्थापित किया है।

**आईआईटीएफ 2023 की थीम**-वसुधैव कुटुंबकम - यूनाइटेड बाय ट्रेड से प्रेरणा लेते हुए, भारतीय रेलवे ने अपने मंडप में अपनी यात्रा को चित्रित किया है और कैसे रेलवे ने दुनिया के अन्य देशों में लोको, कोच और डेमू ट्रेनों का निर्यात करके विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। साथ ही, नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को मंडप में दर्शाया गया है। जहां विभिन्न विषयों को फोटो, ट्रांसलाइट, मॉडल आदि के माध्यम से उनकी तकनीकी और संरचनात्मक प्रगति के साथ प्रदर्शित किया गया है।

रेल मंडप के बाहरी परिसर में वंदे भारत ट्रेन के मॉडल और रघुनाथ मंदिर से प्रेरित जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित डिजाइन को दर्शाया गया है, जो देश भर के 1309 स्टेशनों के लिए शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना को प्रदर्शित करता है। मंडप में प्रदर्शित मॉडलों में यूएसबीआरएल परियोजना (कटरा-बनिहाल खंड), राष्ट्रीय हाई स्पीड रेलवे परियोजना पर प्रस्तावित सूरत स्टेशन, वंदे भारत ट्रेनें, पंबन ब्रिज वर्टिकल गर्डर, बोगीबील ब्रिज, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे आदि शामिल हैं। भारतीय रेलवे की प्राकृतिक सुंदरता के वीडियो प्रदर्शित करने वाली इंटरएक्टिव स्क्रीन, भारतीय रेलवे के बारे में अधिक जानने के लिए इंटरैक्टिव क्विज़ और रेलवे की उपलब्धियों का उद्देश्य शैक्षिक, जानकारीपूर्ण और मनोरंजक होना बच्चों का मनोरंजन करेगा।

आईआईटीएफ 2023 में रेलवे के मंडप का दौरा जानकारी पूर्ण होगा और आगंतुकों को की जा रही नई पहलों से अवगत कराएगा और भारतीय रेलवे की प्रगति पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

# रेलवे में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई के साथ स्टेशन को घर की तरह स्वच्छ रखें की दी गई सलाह

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर स्टेशन को घर की तरह स्वच्छ रखने हेतु दीपावली के पर्व पर आने जाने वाले यात्रियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए जबलपुर रेल मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राजेश शर्मा के निर्देशन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अखिलेश कुमार नायक के नेतृत्व में, जबलपुर स्टेशन पर आज शनिवार को सुबह तथा दोपहर मे मुख्य चल टिकिट निरीक्षक अवधेश तिवारी, अजय भालेराव, सी एल मांडलेकर , सर्वेश चौबे ने स्टेशन टिकट चेकिंग स्टाफ,श्रीमती अर्चना उपाध्याय,श्रीमती प्रीति,के साथ स्टेशन पर थूकने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान मे 53 यात्रियों को गंदगी फैलाने के लिए चिन्हित करके उन पर दंड स्वरूप कार्यवाही करते हुए सभी प्रकरण में प्रत्येक पर सौ-सौ रुपए की पेनाल्टी अधिरोपित करके राशी रेलवे मद में जमा कराई गई। अर्थ दंड के साथ ही साथ ही यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बरतने हेतु दीपावली में घर की स्वच्छता की तरह स्टेशन को भी स्वच्छ रखने की समझाइश भी स्टाफ द्वारा दी गई। रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता के प्रति रेलवे की इस जागरूकता को लेकर यात्रियों ने इसकी सराहना की और भविष्य में स्टेशन पर किसी तरह की गंदगी न किए जाने का वचन दिया।

# संत अलॉयसियस महाविद्यालय में हर्षोउल्लास से मनाया गया कार्यक्रम



**जबलपुर,देशबन्धु।** संत अलॉयसियस (स्वशासी) महाविद्यालय में 18 नवंबर को सर्वधर्म सौहार्द मंच, जबलपुर के तत्वाधान में दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ ईश वंदना, दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश विशाल धगड (उच्च न्यायालय, म.प्र.) एवं प्रो. सोनल के. अमीन (पूर्व सदस्य, महिला आयोग म. प्र.) एवं विशिष्ट अतिथि परम श्रद्धेय माननीय जेराल्ड अल्मेड़ा (बिशप, कैथोलिक धर्मप्रांत जबलपुर) थे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वधर्म सौहार्द ही हमारे राष्ट्र की सुदृढ़ता का आधार है। हम सभी को अपने राष्ट्र की एकता को बनाऐ रखना चाहिए तथा स्वंय का, समाज का, और राष्ट्र का विकास करने हेतु तत्पर रहना चाहिए। उन्होनें दीपोत्सव पर्व में प्रस्तुत सर्वधर्म समभाव पर आधारित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमो की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ दी। प्रो.सोनल के. अमीन द्वारा दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए सभी के द्वारा हिलमिल कर पर्व को मनाने का संदेश दिया कि हमे अपने भीतर के सद्गुणोंरूपी राम को जाग्रत करने और बुराईयों रूपी रावण को नष्ट करने की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में श्री राजेश महेश्वरी, डॉ. फा. डेविस जार्ज, प्राचार्य डॉ. फा. जी. वलन अरासू एवं फा. सिबी जोसफ, फा. प्रदीप रोड्रिक्स की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मंच संचालन अर्शिता अग्रवाल तथा गौरव सिंह वघेल द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन में समन्वयिका डॉ. श्वेता लिखितकर, डॉ. दुर्गा रे, डॉ. मेघा तिवारी एवं पलक जारा का सहयोग सराहनीय था ।

# देव उठनी ग्यारस पर नर्मदा तट पर होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। वहीं सभी एकादशियों में देवउठनी एकादशी एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है क्योंकि इस दिन चातुर्मास की समाप्ति के साथ ही सभी मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है। इन दिन भगवान विष्णु की कृपा प्राप्ति के लिए साधकों द्वारा व्रत भी किया जाता है। देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन ही चातुर्मास की समाप्ति मानी जाती है। धार्मिक मान्यता है कि देव उठनी एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

कल्चुरी काल में हुआ था मां मक्रवाहिनी और त्रिपुर सुंदरी की प्रतिमाओं का सृजन कल्चुरी काल में हुआ था मां मक्रवाहिनी और त्रिपुर सुंदरी की प्रतिमाओं का सृजन देवउठनी ग्यारस संस्कारधानी से जुड़ा हुआ एक बेहद महत्वपूर्ण दिन प्रसिद्ध इतिहासकार डा. आनंद सिंह राणा ने बताया कि देवउठनी ग्यारस संस्कारधानी से जुड़ा हुआ एक बेहद महत्वपूर्ण दिन है। वजह ही कुछ ऐसी है। ग्यारस के ही दिन श्रीकृष्ण और रुकमणी का नर्मदा के पास त्रिपुरी में प्रेम विवाह हुआ था। यह बात द्वापर युग कि है, जिसके प्रमाण महाभारण, स्कंदपुराण और भगवत पुराण में मिलते हैं। उन्होने बताया कि राधा ही रुकमणी थी और भीष्म के यहां उनका जन्म हुआ था। राधा-कृष्ण का प्रसंग भी बरसाना में शुरू हुआ था।

सूर्योदय के बाद करें वर्कआउट, फायदा जानकर होंगे अचंभित सूर्योदय के बाद करें वर्कआउट, फायदा जानकर होंगे अचंभित

श्रीहरि ने एकादशी को दिया था सभी तीर्थों में प्रधान होने का वरदानडा. राणा ने बताया कि देवउठनी ग्यारस को वैतरणी एकादशी भी कहते हैं।

# सीबीएसई नेशनल योगा चैंपियनशिप में गोल्ड के लिए आसन



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के 13 प्रतिभाशाली योगा खिलाड़ी गाजियाबाद में अपने-अपने आयु वर्ग में गोल्ड के लिए आसन लगाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक अखिलेश पचौरी ने बताया-उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सीबीएसई नेशनल योगा चैंपियनशिप 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। कल्चुरी काल में हुआ था मां मक्रवाहिनी और त्रिपुर सुंदरी की प्रतिमाओं का कल्चुरी काल में हुआ था मां मक्रवाहिनी और त्रिपुर सुंदरी की प्रतिमाओं का सृजन

सब जूनियर टीम बालिका वर्ग में भव्या वैष्णवी अग्रवाल, खुशी जैन, अन्वी यादव, जीनिशा अरोरा, टीम बालक वर्ग में देविक गुप्ता, तनिष्क तोमर, सुवान खान, अक्षत गुर्जर, रोनित अग्रवाल शामिल हैं। व्यक्तिगत स्पर्धा सब जूनियर बालिका में वैष्णवी अग्रवाल, अपर्णा शर्मा, बालक वर्ग में तनिष्क तोमर, व्यक्तिगत स्पर्धा में सीनियर बालक-बालिका का वर्ग में मानव राजपूत व नव्या तिवारी भाग लेंगे। उक्त खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों संपन्न वेस्टजोन योगा चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। प्रदेश की जनता शुक्रवार को लोकतंत्र का उत्सव मना रही थी। मतदाता सुबह अपने घरों से प्रदेश का भविष्य चुनने के लिए निकले। मगर प्रदेश के नवोदित क्रिकेटरों को शायद यह अवसर नहीं मिला। ऐसा इसलिए क्योंकि मतदान के दिन ही मप्र की अंडर-19 क्रिकेट टीम को इंदौर में मैच खेलना था। मध्य प्रदेश और असम के बीच कूच बिहार ट्राफी का मुकाबला खेला जा है। यह मैच एमरल्ड हाइट्स स्कूल के मैदान पर सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ हुआ। चार दिवसीय मैच के लिए मप्र की टीम में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल हैं। जो खिलाड़ी इंदौर से बाहर के हैं, उनका मतदान के अधिकार से वंचित होना तय था। इंदौर के खिलाड़ी भी मतदान कर सकें इसकी संभावना कम थी। ऐसा इसलिए क्योंकि मैच से करीब एक घंटा पहले टीमों को स्टेडियम पहुंचना होता है। वार्मअप के बाद पिच और मैदान की स्थिति के बाद अंतिम एकादश तय होती है। टास के बाद रणनीति तय होती है। प्रदेश की अंडर-23 पुरुष टीम बीसीसीआइ का टूर्नामेंट खेल रही है। 17 नवंबर को टीम का क्वार्टर फाइनल में सामना उत्तराखंड से हो रहा है। यह मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है।

**कई के लिए मतदान का पहला अवसर**

मप्र की अंडर-19 टीम में बहुत से खिलाड़ी मतदान के लिए आवश्यक 18 वर्ष की आयु से कम के हैं, जबकि कुछ ने यह आयु सीमा हाल ही में पार की है। ऐसे में इनके लिए मतदान का यह पहला अवसर है। पहली बार मतदान का मौका मिलना अलग सा रोमांच देता है।

**मप्र टीम**-सोहम पटवर्धन (कप्तान), अभि अग्निहोत्री (उपकप्तान), आर्यन तिवारी, प्रणीत पाटीदार, विकास शर्मा, आयुष आनंद, अंश बागड़िया, सारांश सुराना, विष्णु भारद्वाज, रोहित राजावत, आयाम सरदाना, अन्वेश चावला, धनंजय दीक्षित, प्रथम सेंगर, अक्षत द्विवेदी। कोच- मोहनीष मिश्रा, प्रबंधक - हमीदुल्लाह खान, फिजियोथैरेपिस्ट-पंकज यादव, **ट्रेनर**- आरिफ खान, वीडियो एनालिस्ट- नवीन परसवानी।

# छठ की पूजन को जाने वाले यात्रियों के लिये स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 07001/07002 सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 07001 सिकंदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 और 19 नवम्बर 2023 (रविवार) को सिकंदराबाद स्टेशन से 10:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 05.10 बजे इटारसी, 06:10 पिपरिया, 08: 30 बजे जबलपुर, 10:10 बजे कटनी, 12:20 बजे सतना और तीसरे दिन (मंगलवार को) 06: 00 बजे रक्सौल स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07002 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 21 नवम्बर 2023 (मंगलवार) को रक्सौल स्टेशन से 19:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 12:10 बजे सतना, 13:30 बजे कटनी, 15: 25 बजे जबलपुर, 18: 00 बजे पिपरिया, 19.55 बजे इटारसी और तीसरे दिन (गुरुवार को) 14.30 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी।

# कार्तिक मास का सनातन धर्म में विशेष महत्व

## नर्मदा तटों के साथ ही मंदिरों और जलाशयों में व्रतधारी महिलाएं करती है, पूजन-अर्चन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्तिक मास सनातन धर्म में बेहद पवित्र मास माना जाता है। सनातन धर्म में हर माह का अपना विशेष महत्व होता है। लेकिन कार्तिक मास इनमें सबसे श्रेष्ठ है। कार्तिक मास में आदि शक्ति का दुर्गोत्सव के साथ-साथ इस माह में धनतेरस, दीपावली, अन्नकूट, देवोत्थान एकादशी, छठ पूजा, तुलसी पूजन और देव दीपावली आदि व्रत त्यौहार मनाये जाते हैं। जिनका हिन्दू धर्मावलंबियों के विशेष त्यौहार है। कार्तिक माह भगवान विष्णु का ही स्वरूप है। इसको सद्बुद्धि, लक्ष्मी और मोक्ष प्राप्ति का महीना माना गया है। कार्तिक माह में कुछ उपायों को करने से आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कार्तिक मास में श्रद्धालु रखकर व्रत करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



**सनातन पूज्यनीय है तुलसी** - सनातन धर्म में तुलसी को पौधा पूज्यनीय माना जाता है, प्रत्येक सनातनियों के घर के आंगन में तुलसी पौधा पाया जाता है, जिसकी सुबह-शाम पूजा की जाती है। सनातन धर्म में कार्तिक माह के दौरान तुलसी पूजा का बहुत महत्व है। कार्तिक मास में तुलसी के सामने दीपक जलाने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस महीने में तुलसी की नियमपूर्वक पूजा करने और दीपक जलाने से भगवान विष्णु की कृपा मिलती है। पुराणों में कहा गया है कि जिस घर में तुलसी होती है उस घर में यमदूत प्रवेश नहीं करते हैं।

**पवित्र घाटों में स्नान को विशेष महत्व-** कार्तिक माह में पुण्य सलिला नर्मदा के तिलवारा घाट, लम्हेटा घाट, भेड़ाघाट, ग्वारीघाट सहित पवित्र जलाशयों के घाटों में स्नान का बहुत महत्व है। इस माह में ऐसा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और घर में सौभाग्य का आगमन होता हैं। स्नान का उत्तम समय सूर्योदय से पूर्व तारों की छांव में माना गया है। यदि आप नर्मदा में स्नान करने नहीं जा सकते तो आप घर में ही थोड़ा सा नर्मदा जल नहाने के पानी में मिलाकर स्नान करें।

**दान का विशेष महत्व-** कार्तिक मास में दान करने से सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए अन्न, दूध, फल, चावल, तिल और आवंले का दान करें। इस महीने में ब्राह्मण, बहन और बुआ को अपनी श्रद्धा के अनुसार वस्त्र और दक्षिणा अवश्य दें। कार्तिक माह में पुण्य सलिला नर्मदा या फिर अन्य पवित्र नदियों में दीपदान करना बेहद शुभ माना जाता हैं। इसलिए कार्तिक माह में पवित्र नदी, तालाब, मंदिर और खुले आसमान के नीचे दीप अवश्य जलाएं। ऐसा करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी।

**कार्तिक माह कपूर अवश्य जलाएं-** घर परिवार में कार्तिक माह में रोजाना संध्या पूजन के समय घर के मंदिर में कपूर जलाकर भगवान की आरती करें। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होगा और घर में सुख-शांति रहेगी। घर-परिवार में झगड़े-कलह समाप्त होंगे। कार्तिक मास में अष्ट लक्ष्मी की पूजा करने का बड़ा महत्व है। अपार धन लाभ, संतान प्राप्ति और यश के लिए कार्तिक मास के हर शुक्रवार को अष्टलक्ष्मी की पूजा करें। अष्टलक्ष्मी की पूजा करने से देवी प्रसन्न होकर आपको एक साथ सभी कुछ प्रदान कर देती हैं।

# आज डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती, सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेंगे



## छठ महापर्व का तृतीय दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** नहाय-खाय से आरंभ हुआ छठ पूजन का महापर्व बिहार सहित देश के अन्य राज्यों, शहरों और जबलपुर में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जा रही है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक व्रत है। आज छठ पूजा के तीसरे दिन शाम को श्रद्धालु अर्घ्य देंगे। आज के दिन छठ महापर्व की मुख्य पूजा की जाएगी। तीसरे दिन व्रती और उनके परिवार के लोग घाट पर जायेंगे और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेंगे। आज 19 नवंबर को छठ पूजा के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। आज 19 नवंबर को सूर्यास्त शाम 05 बजकर 26 मिनट पर होगा। नगर में ग्वारीघाट, तिलवारा घाट, अधारताल तलाब, भेड़ाघाट जैसे स्थानों में जाकर पूजन-अर्चन करेंगे।

**छठ पूजन की उपासना का महत्व-** इस महापर्व में सूर्य और छठी मैया की उपासना का विशेष महत्व होता है। नहाय खाय के दौरान व्रती श्रद्धालु छठ व्रत की सफलता की कामना करते हैं। इस पूजा में भक्त पवित्र नर्मदा अथवा तलाब के जल में स्नान करते हैं। महिलाएं निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी माता के लिए प्रसाद तैयार करती हैं। दूसरे और तीसरे दिन को खरना और छठ पूजा कहा जाता है। महिलाएं इन दिनों एक कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। साथ ही चौथे दिन महिलाएं पानी में खड़े होकर उगते सूरज को अर्घ्य देती हैं और फिर व्रत का पारण करती हैं।

**सूर्य उपासना का त्यौहार-** छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होगा।



# पंचकोशी परिक्रमा करने से पूरी परिक्रमा का मिलता है लाभः ज्ञानेश्वरी दीदी

## नर्मदा परिक्रमा की सफलता के लिए 9 सौ फुट चुनरी का पूजन संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 396 वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की सफलता के लिए पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, मैत्री दीदी, रामभजन, पोस्ट हॉलैंड सुनीता शर्मा, जम्मू कश्मीर के सानिध्य में 900 फुट की चुनरी का पूजन बाबरा आश्रम में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। दीदी ने कहा जो भक्त पूरी परिक्रमा नहीं कर पाते हैं, वह पंचकोशी परिक्रमा करके पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। दीदी ने चुनरी सर पर रखकर भक्तों के साथ भ्रमण किया। इसके बाद चुनरी वैनगंगा नर्मदा मैया सरस्वती संगम, हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के सामने अर्पित की गई। 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा प्रातः 8.30 बजे पूज्य संत महात्मा एवं देश के सहित परिवारों के सानिध्य में परिक्रमा निकाली जाएगी। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, मनोज ,गुलाब, बनी, पप्पू चौबे आदि उपस्थित थे।

# तनिश चौरसिया का इंडो-नेपाल प्रतियोगिता में चयन



**जबलपुर, देशबन्धु।** दस दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय शौकिया खेल महासंघ के तत्वावधान में नेपाल किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नगर के तनिश चौरसिया अंडर-19, 55 किलो ग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पोखरा नेपाल में दस दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का 20 से 30 नवंबर तक आयोजन किया जा रहा है। भारतीय शौकिया खेल महासंघ के अध्यक्ष सीपी सरस्वत, अमर दुबे, हरीश कुमार ने तनिश चौरसिया को भारत का प्रतिनिधित्व करने पर उन्हें बधाईयां और शुभकामनाएं दी है।

# चिदायतन में वेदी शिलान्यास चिदोत्सव साआनंद सम्पन्न

## मध्य प्रदेश सहित पूरे देश एवं विदेश से पधारे हजारों जैन बंधुगण

**जबलपुर,ा देशबन्धु।** तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में गुरुदेवश्री के तत्व प्रभावना योग से धर्म नगरी हस्तिनापुर की पवित्र भूमि पर तीर्थधाम चिदायतन का भव्य एवं मनोहारी निर्वाण हो रहा है। जिसका वेदी शिलान्यास चिदोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ 15 एवं 16 नवम्बर को सानन्द सम्पन्न हुआ। जिसमे सम्पूर्ण विश्व से हजारों की संख्या में जिनशासन सेवकों ने हिस्सा लेकर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की।



मंगल महोत्सव के मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि सम्पूर्ण अनुष्ठान बाल ब्रह्मचारी पंडितश्री अभिनंदनकुमार शास्त्री, बा. ब्र. हेमन्तभाई गांधी एवं रजनीभाई दोशी के निर्देशन में, बा. ब्र. सुमतप्रकाश जैन के मंगल सानिध्य में, संजयकुमार शास्त्री कोटा जेवर के कुशल संचालन तथा डॉ. किरीटभाई गोसालिया अमेरिका, डॉ. राकेशकुमार शास्त्री नागपुर, जे.पी. दोशी मुम्बई , राकेशकुमार लोनी, डॉ. योगेश कुमार जैन अलीगंज, पं. प्रद्युम्नकुमार जैन मुज्जफर नगर , डॉ. मनीषकुमार शास्त्री मेरठ, आलोककुमार जैन कारंजा , ऋषभ शास्त्री उस्मानपुर, संदीपकुमार दिल्ली, अशोककुमार लुहाडिया, सुधीरकुमार, डॉ. सचिन्द्रकुमार एवं समकित जैन मंगलायतन के साथ अन्य गणमान्य विद्वानों के ज्ञान आलोक से प्रकाशित हुआ ।

# दैनिक राशिफल

**रविवार 19 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठी। नक्षत्र-श्रावण।**

### मेष
आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। अतः क्रोध पर नियंत्रण रखें।

### वृषभ
हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा।

### मिथुन
आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। समूह भोजन का आयोजन करेंगे।

### कर्क
आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा।

### सिंह
आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी।

### कन्या
आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। अनबन होने से अशांति रहेगी।

क.

### तुला
वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा।

### वृश्चिक
पारिवारिक कलह-द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। मेल- मिलाप रहेगा।

### धनु
आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

### मकर
आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा- पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी।

### कुंभ
आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र प्रगति में सहायक होगी।

### मीन
नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी।

मा.

# वीरांगना झलकारी बाई जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर कोरी समाज की बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी का जन्मोत्सव मनाने की तैयारियों के संबंध में चर्चा करने के लिए आज 19 नवंबर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। आशा है कि समस्त जबलपुर कोरी समाज के सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने में अपने विचार व्यक्त करेंगे। बैठक का आयोजन-डी.पी. कमल के निज निवास, सदर बाजार गली नंबर 18 में सुबह 11 से 12.30 बजे तक रहेगा। आप की अनिवार्य रूप से उपस्थिति प्रार्थनीय है। अखिल भारतीय कोली-कोरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कोरी ने बताया कि बैठक में अगामी 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई कोरी जयंती के उपलक्ष्य में जबलपुर कोरी समाज द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।



कार्यक्रमों की तैयारियों संबंधी बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कोरी, अभिलाष कोरी, विजय कोरी, राजा कटरहा, महेश कोरी, महिला विंग अध्यक्ष कल्पना विनोदिया, विनोद दिवान, रामस्वरूप कोरी, रामस्वरूप शाक्य, सुमन कोरी आदि ने आज की बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# यादव महासभा ने वंदे मातरम चौक पर वीर अहीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**जबलपुर, देशबन्धु।** यादव महासभा ने सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम चौक पर वीर अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। 18 नवंबर के दिन सन 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया था। अचानक हुए हमले भारत के 120 जवान शहीद हो गए थे। शहीद हुए 120 जवानों में से 114 जवान अहीर (यादव) थे। इन अहीर जवानों ने जवाबी हमला कर चीन के हजारों जवानों को भारत की ताकत का लोहा मनवा दिया और हजारों चिनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया एवं स्वयं भी भारत की आन-बान-शान के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। उन्हीं वीर अहीर (यादव) शहीदों को 18 नवंबर को यादव महासभा के सभी सदस्य श्रद्धांजलि अर्पित कर याद करते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में यादव महासभा के युवा अध्यक्ष शशांक यादव, परमू यादव, घनश्याम यादव, सुरेन्द्र यादव, सुभाष यादव, के. एन. सिंह यादव, अशोक यादव, टीकेन्द्र यादव, सपलनाथ यादव, विजय यादव, संदीप यादव, कैप्टन रामजीत यादव, सूबेदार बटन यादव, श्याम बाबू यादव, एच. एन. यादव, सूबेदार अजय यादव, राजेंद्र यादव, शीतल यादव, कमल देव यादव, एच. पी. यादव, जयप्रकाश यादव, आर. बी. यादव, शिव यादव, अमरजीत यादव, मुन्ना यादव, पुरषोत्तम यादव, शशि शंकर यादव, सूबेदार विजय यादव, कैप्टन प्रहलाद यादव, शारदा यादव, श्यामसुंदर यादव बब्बू, रवि यादव, अखिलेश यादव, संतोष यादव, बबला यादव, बालमुकुंद यादव, आदि सामाजिक बंधु और पूर्व सैनिक श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

# समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरसता सेवा संगठन द्वारा सामाजिक समरसता के परिपेक्ष्य में सब सबको जाने - सब सबको माने एक अभियान के अंतर्गत भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर आज 19 नवम्बर को दोपहर 12 बजे होटल श्रीराधा सिविक सेंटर में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# संस्कारधानी स्तर कह ब्रिज प्रतियोगिता

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर के लिए गौरव का विषय है कि जनवरी 2024 में विंटर नेशनल ब्रिज चैम्पियन शिप का आयोजन ब्रिज फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में जबलपुर डिस्ट्रिक्ट ब्रिज एसोसियेशन द्वारा किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में दूसरी बार किया जा रहा है। ब्रिज ताश का एक विश्व स्तरीय खेल है। यह कार्ड गेम 2018 से एशियन गेम्स में भी शामिल किया गया है। 2018 में भारत को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। इटली में आयोजित एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। इटली में आयोजित वर्ल्ड यूथ चैम्पियन शिप में भी भारत को इस वर्ष गोल्ड एवं सिल्वर दोनों मेडल मिले। सचिव पीयूष कांत अग्रवाल ने बताया कि यह चैम्पियन शिप 3 जनवरी को आयोजित की जायेगी।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती प्रभा तिवारी-** गुप्तेश्वर कृपाल चौक बचई मूर्तिकार गली निवासी श्री केशव प्रकाश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शारदा बाई रैकवार-** हनुमानताल निवासी श्री बलभद्र प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा बाई रैकवार (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुलभा चरेगांवकर-** एलआई कर्मचारी निवासी कटंगा निवासी श्री अरविंद चरेगांवकर की धर्मपत्नी श्रीमती सुलभा चरेगांवकर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गंगा देवी-** शीतलामाई भगवान दास शर्मा स्कूल के पास निवासी श्री हरी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा देवी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीताराम अहिरवार-** गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर निवासी श्री सीताराम अहिरवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपचंद्र सोनकर-** बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री दीपचंद्र सोनकर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री माता बदल कश्यप-** स्नेह नगर यादव कॉलोनी रोड निवासी श्री माता बदल कश्यप (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री शक्ति भाटली-** तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री राज भाटली के पुत्र श्री शक्ति भाटली (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनिल कश्यप-** फूटाताल निवासी श्री अनिल कश्यप (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव कुमार विनोदिया-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री श्रवण कुमार विनोदिया के पुत्र श्री शिव कुमार विनोदिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम बाबू यादव-** शीतलामाई निवासी श्री राम बाबू यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कविता बुधरानी-** राधा नगरी बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री नंद लाल बुधरानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता बुधरानी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई ठाकुर-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री बिशन ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पृथ्वीराज मेघानी-** गोरखपुर थाने के निकट निवासी श्री पृथ्वीराज मेघानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री नेमी चंद रजक-** बापू नगर रांझी निवासी श्री नेमी चंद रजक (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# एफआईआर करो नहीं तो थाना घेरेंगे

## कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर कहा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के घमापुर इलाके में फायरिंग, पथराव का मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ते जा रहा है। घटना के दूसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने पुलिस के आल्हा अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शनिवार की देर शाम घमापुर थाने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा कि यदि फिर नहीं होती है तो रविवार को घमापुर थाने का घेराव करेंगे। मतदान के दिन शुक्रवार की शाम 5-30 बजे पूर्व विधानसभा क्षेत्र के घमापुर इलाके में तोड़फोड़ पत्र फायरिंग की घटना ने शहर मैं सनसनी फैला दी थी। देखते ही देखते घटनास्थल के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगे। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि शीतलमाई स्थित कांग्रेस कार्यालय में भाजपा समर्थकों ने पथराव किया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में गोली भी चली। इस घटना



को लेकर देर रहा था हंगामे में की स्थिति बनी रही। घटना के तुरंत बाद धामपुर थाने में भाजपा नेताओं का जमघट भी लग रहा। जिसके चलते कुछ कांग्रेस नेता और समर्थकों पर मामला भी दर्ज किया गया। एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज कांग्रेस प्रत्याशी ने शनिवार की देर शाम पुलिस के आल्हा अधिकारियों से मुलाकात की और अपना पक्ष रखा। कांग्रेस प्रत्याशी ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि पुलिस घटना के वीडियो फुटेज चेक करें और फिर दोषियों पर मामला दर्ज करे।

### हार की संभावना से बौखलाई भाजपा

कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने मीडिया से बातचीत में बताया कि शीतलामाई के कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़, फायरिंग इस बात का सबूत है कि बीजेपी अपनी हर देख बौखला गई है। पूरे क्षेत्र में दिनभर शांतिपूर्वक चले मतदान में अंतिम पलों में बीजेपी ने खलल पैदा कर अशांति फैलाई। जिसको लेकर पुलिस को दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# पुलिस कर्मी का मोबाइल लूटकर भागा बदमाश गिरफ्तार, साथियों की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** शारदा नगर रांझी में पुलिस कर्मी अजय गुरुंग का मोबाइल फोन लूटकर भागे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं उसके साथियों को पकडने के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार 6वीं बटालियन एसएएफ रांझी में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ अजय गुरूंग उम्र 52 वर्ष मोटर साइकल से रात 11 बजे के लगभग अपने बेटे शुभम के साथ शारदा नगर से अपने घर जाने के लिए निकला।



जब वह पानी की टंकी के पास रामनगर के सामने से गुजर रहा था. इस दौरान व्हीकल मोड़ की ओर से आए मोटर साइकल सवार तीन लड़कों में एक ने पुलिस कर्मी अजय गुरुंग को धक्का देकर गिराया और मोबाइल फोन लूट कर भाग निकले. पुलिस कर्मी अजय गुरुंग उनके बेटे शुभम व पान वाले ने पीछा कर एक लुटेरे को तो पकड़ लिया. वहीं दो आरोपी भागने में सफल रहे. पकड़े गए लुटेरे संदीप अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला मड़ई रांझी को पुलिस के हवाले किया गया. जहां पर पूछताछ में संदीप अहिरवार ने अपने दो साथियों के नाम बताए, जिन्हे पकडने के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# मारपीट करने वाले आरोपियो की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना पनागर में रात विनोद तिवारी उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम फूटाताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 9 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था उसके घर के सामने सोनू कुश्वाहा, राजेश बर्मन, वीरन कुशवाहा तीनों भी खड़े थे जो उसे देखकर गाली गलोज करने लगे , उसने गालियां देने से मना किया तो सोनू कुशवाहा ने लाठी से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुँचा दी राजेश बर्मन एवं वीरन कुशवाहा ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर पीठ में चोट पहुँचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



वही थाना बेलबाग में रात गुरंदी कदम तलैया में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मेटेञ अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को आदित्य उर्फ गोलू खटीक (भोजक) उम्र 30 वर्ष निवासी जवाहर गंज वार्ड कोतवाली ने बताया कि वह गुरंदी कदम तलैया स्थित नरेन्द्र की शराब दुकान में सेल्समेन का काम देखता है ि रात लगभग 11-30 बजे वह शराब दुकान बंद कराकर अपनी मोटर सायकल एच एफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन यू 0174 से अपने घर खटीक मोहल्ला कोतवाली जा रहा था जैसे ही शराब दुकान के आगे ग्राउण्ड में पहुँचा उसी समय उसकी मोटर सायकल में पीछे से किसी लड़के ने उसकी कॉलर पकड़ी तो वह रूका और उसकी मोटर सायकल जमीन में गिर गयी, तभी पीछे से लड़के ने उस पर चाकू से हमलाकर कमर में चोट पहुचा दी वह बचाव बचाव चिल्लाया तो उसके साथ शराब दुकान में काम करने वाले नीलू ठाकुर संदीप चौधरी आ गये जिन्हें देखकर चाकू मारने वाला लड़का छोटी ओमती लक्ष्मी अंडा वाले की दुकान तथा उक्त लड़के का साथी गुरंदी तरफ भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 324, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अक्टूबर माह में 01 लाख 20 हजार मामले बिना टिकट पकड़े

## 07 करोड़ 19 लाख का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों पर अक्टूबर माह में बिना टिकट कुल 01 लाख 20 हजार मामले पकड़े, और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 07 करोड़ 19 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है।

**अक्टूबर माह में मुख्यालय एवं मंडलों स्तर पर परफॉरमेंस इस प्रकार है-**

मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 2 हजार 200 से अधिक प्रकरण से रेलवे ने 13 लाख 400 रुपये




जुर्माना वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग 42 हजार प्रकरण से रेलवे ने 2 करोड़ 67 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मण्डल* द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 45 हजार प्रकरण से रेलवे ने 2 करोड़ 59 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

कोटा मण्डल द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 31 हजार से अधिक प्रकरण से रेलवे ने 01 करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।



# जुए के फड़ पर छापा, 3 हजार 610 रूपये जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना लार्डगंज में रात मुख्बिर से सूचना मिली कि कुछ जुआरी एमपी स्पोर्ट के पीछे रज्जाक के बाड़ा अंधेरदेव में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुख्बिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां घेराबंदी कर 4 जुआरी को पकड़ा गया। जिनसे नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमश: अजय ठाकुर निवासी अंधेरदेव लार्डगंज, निहाल चक्रवर्ती निवासी बड़ा पत्थर रांझी, राहुल चौरसिया निवासी एमपी स्पोर्टस के पीछे लार्डगंज विवेक पाण्डे निवासी एमपी स्पोर्टस के पीछे लार्डगंज बताये जुआरियों के पास एंव फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 3 हजार 610 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# ऑपरेशन `` नन्हे फरिश्ते `` के तहत 01 नाबालिक लड़की को रेस्क्यू करना

**जबलपुर,देशबन्धु।** बक्सर नगर थाना जिला बक्सर बिहार से सूचना प्राप्त हुई कि एक लडका व लडकी भाग कर गाडी संख्या 12150 से जा रहे है। उक्त सूचना पर गाडी के जबलपुर आने पर जबलपुर द्वारा गाड़ी के जनरल कोच में संदिग्ध हालत में बैठे एक लड़की व लड़के से पूछताछ करने पर उन्होने अपना नाम पलक तिवारी पिता मणिशंकर तिवारी उम्र 13 साल निवासी बक्सर बिहार व लडके ने अपना नाम विकास कुमार पिता विजय शंकर प्रसाद उम्र 23 साल निवासी जिला रोहतास बिहार होना बताया। व्हाट्सएप पर प्राप्त फोटो और नाम से मिलान होने पर उन्हें उतार कर आरपीएफ थाना ले जिसकी सूचना बक्सर नगर थाना को दी गई तो उन्होने बताया कि उक्त उक्त लडके के विरूद्ध बक्सर नगर थाने पर अपराध कमांक 612/23 द /स 366 के तहत मामला कायम किया गया है। बक्सर पुलिस की सूचना पर दोनों लड़का लड़कियों को आरपीएफ थाना जबलपुर में डिटे किया गया।

18 नवंबर समय 03.30 बजे उपनिरीक्षक बक्सर टाउन थाना ज्योति कुमारी क्या आरपीएफ थाना हाजिर होने समक्ष गवाहान सउनि सुखदेव सिंह द्वारा उक्त लड़की को बिहार पुलिस की उपनिरीक्षक ज्योति कुमारी को सुपुर्द किया गया।

# असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए जान लेवा हमले की निंदा : जबलपुर चेम्बर

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने विगत दिवस चेम्बर के महामंत्री श्री नरिंदर सिंह पांधे पर हुई मार-पीट पर रोष जताया है। मदन महल स्थित अपने निवास के पास कुछ असमाजिक तत्वों ने उन पर जान लेवा हमला किया था। घायल होने के उपरांत उन्हे मेडिकल में इलाज के लिये भरती किया गया है। जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे, राधेश्याम अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, अजय अग्रवाल, अजय बख्तावर, मुकेश अग्रवाल (बंसाला), अजीत पवार, विनीत गोकलानी, रजनीश त्रिवेदी, वीरेन्द्र केशरवानी, कर अधिवक्ता अभिषेक ध्यानी, भीमलाल गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, दीपक सेठी, संदेश जैन, शशिकांत पांडेय आदि ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि शीघ्र कार्यवाही कर मार-पीट करने वालों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# वीडियो वायरल होने के बाद जीआरपी जबलपुर के 3 पुलिसकर्मी निलंबित

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक जिला सतना आशुतोष गुप्ता ने निरीक्षक कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेल्वे जबलपुर के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर चुनाव ड्यूटी के लिये जीआरपी जबलपुर से रक्षित केंद्र सतना में आमद हुये तीनों सुरक्षा कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दिवस के एक दिन पूर्व सतना शहर के भरहुत नगर के पुजारी गार्डेन के पास जीआरपी जबलपुर के तीन पुलिस कर्मियों द्वारा कथित नशे में होकर गाली-गलौज करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना अनुराग वर्मा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

इनमें प्रधान आरक्षक 259 लल्लन राय, आरक्षक 333 महाराणा प्रताप और आरक्षक 32 सचिन के



इस आचरण को पुलिस छवि को धूमिल करने वाला और अनुशासन के विपरीत और कर्तव्य के प्रति लापरवाही मानते हुये तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित पुलिस कर्मचारियों का मुख्यालय रक्षित केंद्र सतना नियत किया गया है। सभी कर्मचारी प्रतिदिन रोल कॉल में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंग।

# जुए के फड़ पर छापा, 3 हजार 610 रूपये जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना पनागर में सुनील झारिया उम्र 32 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कपड़े की फेरी लगाता है कि अपने दोस्त नईम अंसारी के साथ अपनी मोटर सायकल से तथा दूसरी मोटर सायकल में सलमान शेख एंव अजय यादव थे हम सभी पनागर टाकीज में फिक्कर देखने आये थे, फिल्म देखने के बाद अपने अपने घर अपनी अपनी मोटर सायकल से जा रहे थे जैसे ही शाम लगभग 6-15 बजे अंशिका मैरिज गार्डन के पास फूटाताल मेन रोड के पास पहुँचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 21 एमके 2290 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल को ओवरटेक करते हुये उसके दोस्त सलमान शेख और अजय यादव की मोटर सायकल में टक्कर मार दी। जिससे सलमान एवं अजय यादव गिर गये दोनों को हाथ पैर में चोटें आयीं उसने दोनों घायलों का उपचार हेतु एम एस अस्पताल जबलपुर में भर्ती कराया है। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सेवानिवृत्त वन अधिकारी को हाईकोर्ट से राहत

## रिकवरी आदेश निरस्त, वार्षिक क्रमोन्नति सहित पेंशन पुनर्निधारण के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से एक सेवानिवृत्त वन अधिकारी को राहत मिली है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ रिकवरी आदेश को अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। इसके साथ ही वार्षिक क्रमोन्नति सहित पेंशन पुनर्निधारण के निर्देश भी दिये है।

याचिकाकर्ता रीवा निवासी सेवानिवृत्त एडिशनल चीफ कंजरवेटर आफ फॉरेस्ट श्रीनिवास सिंह की ओर से यह मामला दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि वे 30 जून 2013 को सेवानिवृत्त हुये । एक जुलाई को अन्य सहकर्मियों को इंक्रीमेंट का लाभ दिया गया किंतु याचिकाकर्ता को नहीं दिया




गया। महज एक दिन के आधार पर उस लाभ से वंचित कर दिया, जो याचिकाकर्ता का अधिकार था। इतना ही नहीं उनके खिलाफ अवैधानिक रूप से दो लाख दस हजार रुपये की रिकवरी निकाल दी गई। आवेदक की ओर से दिये गये हाईकोर्ट के न्याय दृष्टांतों को मद्देनजर रखते हुए न्यायालय ने रिकवरी आदेश निरस्त कर दिया और ब्याज सहित रिकवरी राशि लौटाने के निर्देश दिये। साथ ही वार्षिक क्रमोन्निति 2013 से लागू करते हुए पेंशन का नव निर्धारण करने की राहतकारी व्यवस्था दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ब्रह्मानंद पांडे ने पक्ष रखा।



**जबलपुर,देशबन्धु।** सांसद एवं पश्चिम के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने पुलिस के अधिकारियों से कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच करें। इसके लिये उन्होंने पार्टी नेता एवं पूर्व के प्रत्याशी अंचल सोनकर के साथ अधिकारियों से चर्चा की। पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शीतला माई वार्ड के पार्षद राम मोहन गुप्ता के कार्यालय के सामने मतदान के अंतिम समय में में गोलियां, बम और पत्थर चलने की खबर से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं की बीच जमकर झड़प हुई। इस बीच सुअरमार बम और गोलियां चलाई गईं। जिसके बाद दोनों पक्षों के जमकर पत्थरबाजी हो गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना रांझी में सुवह मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि कंधीलाल केवट उम्र 62 वर्ष निवासी शारदानगर रांझी को शाम लगभग 6-30 बजे सड़क दुर्घटना मे घायल होने से बेटे प्रमोद केवट द्वारा उपचार हेतु भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के बाद शाम लगभग 3-45 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# कुंआ में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना रांझी में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि सुनील सेन निवासी हनुमान मंदिर तलैया थाना रांझी को दोपहर घर के कुंआ में डूबने से भाई राजकुमार द्वारा विक्टोरिया लाया गया था डाक्टर ने चैक कर सुनील सेन का मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



## गोसलपुर में बम्पर वोटिंग, वोटरों ने दिखाया उत्साह



**गोसलपुर, देशबन्धु।** लोकतंत्र के महापर्व पर सिहोरा विधानसभा चुनाव के लिए गोसलपुर एवं गोसलपुर क्षेत्र में बंपर वोटिंग हुई गोसलपुर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 80 से अधिक रहा पुरुषों के अलावा महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया वहीं पहली बार वोट डालने वाले युवा में भी भारी उत्साह देखा गया बंपर वोटिंग को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने दावे किए हैं किंतु इसका परिणाम 3 दिसंबर को मतगणना के बाद ही पता चलेगा खासकर भाजपा और कांग्रेस के पार्टी चुनाव कार्यालय में पिछले 15 दिनों से जारी चहल-पहल समाप्त हो गई कल शनिवार को चुनाव कार्यालय में ताला लटका रहा पहली बार क्षेत्र में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्वक रहा मतदान पूर्व विभिन्न उपायों के तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने चलाए गए अभियान को भी बड़ी सफलता मिली मतदान के दौरान मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी भी सामने आई अनेक मतदाता मतदाता सूची में अपने नाम ढूंढते रहे किंतु उनका नाम सूची से नदारत था जो मतदान केंद्र से लौटकर अपने घरों को चले गए सिहोरा विधानसभा में भाजपा से संतोष वरकडे कांग्रेस से एकता ठाकुर तथा निर्दलीय के रूप में संजू वरकडे चुनाव सहित प्रत्याशी मैदान में थे कल मतदान के बाद भाजपा प्रत्याशी संतोष वरकडे ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी उपस्थिति देकर कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के पक्ष में जी तोड़ मेहनत करने के लिए धन्यवाद व्यापित किया वही शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का आभार भी प्रकट किया इस अवसर पर पुष्पराज बघेल राजमणि बघेल प्रकाश पालीवाल धर्मेंद्र सिंह राजपूत महेंद्र सिंह बहादुर सिंह हेमचंद असाटी दौलत सिंह नरेश पटेल आकाश जैन एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केदो से मतदान केंद्र प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## मतदान दिवस होने के कारण शुक्रवार की जगह शनिवार को भरा गांधीग्राम का साप्ताहिक बाजार

### ग्राहकों ने सब्जियां, किराना आदि की खरीदी की

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए गांधीग्राम में बनाए गए मतदान केंद्र क्रमशः एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला गांधी ग्राम एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला गांधीग्राम के 100 मीटर की परिधि में ग्राम पंचायत गांधीग्राम का साप्ताहिक बाजार आने के कारण मतदान दिवस 17 नवंबर शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार नहीं भरा।इस प्रकार शुक्रवार को भरने वाला साप्ताहिक बाजार शनिवार को बाजार स्थल पर भरा।




प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम में शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगा, इसमें बाहर से व्यापारी सब्जी विक्रेता,मिर्च मसालों, किराना सामग्री दुकान वाले व्यापारी भी अपनी दुकानें लगाकर विक्रय करते रहे। शनिवार को गांधीग्राम में साप्ताहिक बाजार में जमकर भीड़ देखी गई। व्यापारी और दुकानदारों साथ ही विभिन्न ग्रामों से सामान क्रय करने आने वाले लोग दुकानों से क्रय विक्रय करते रहे। ग्राम पंचायत गांधीग्राम की गांधीग्राम बाजार स्थल में साप्ताहिक बाजार में गांधीग्राम के अलावा आसपास के ग्राम माल्हा, रामपुर, धमकी,बम्होरी,कुशनेर, मिढ़ासन,पथरई,उमरिया, कैलवास,तपा,खुडावल,शहजपुरा आदि ग्रामों के लोग पहुंचे। लोगों ने बाजार में पहुंचकर सब्जियां,किराना, कपड़े आदि आवश्यक सामग्री की खरीदी की। गांधीग्राम के योगेन्द्र मिश्रा, भूपत चौरसिया, प्रकाश मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, राघवेन्द्र त्रिपाठी,कमलेश असाटी,रवि चौरसिया, सचिन असाटी, सौरभ असाटी, राजकुमार असाटी, विजय चौरसिया, देवशंकर तिवारी, गोविन्द शरण ने बताया कि उन्होंने बाजार में जरूरी समान खरीदा। गौरतलब है कि बनाए गए उक्त दोनों मतदान केदो में जाने का एवं वापस आने का रास्ता बाजार स्थल के इसी मार्ग से होकर जाता है।

## सार-समाचार



### स्वामी शिवदत्त महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर रुद्राभिषेक, हवन पूजन व भंडारा

**गोसलपुर, देशबन्धु।** शिव शक्ति धाम के प्रसिद्ध संत ब्रह्मलीन स्वामी शिवदत्त जी महाराज की की 25वीं पुण्यतिथि पर कल विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए भर कल से ही लेकर रुद्राभिषेक हवन पूजन एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान कल शनिवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी उन्होंने अपने प्रिय संत की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया लोक कल्याण न्यास समिति के ठाकुर हेमराज सिंह जीवन लाल गुप्ता प्रेम खन्ना नवल सिंह राजपूत गोविंद राय धर्मेंद्र सिंह राजपूत जितेंद्र पालीवाल अरुण पटेल अनूप सोनी गोविंद सोनी सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

### नरसिंह दरबार में किया भंडारे का आयोजन



**बरेला, देशबन्धु।** हाईवे पर नगर के बाहर मंडला मार्ग पर स्थापित नरसिंह दरबार में श्रद्धालु भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।. नरसिंह दरबार व्यवस्थापक सोनू यादव ने बताया कि जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है उनके द्वारा दरबार में भंडारा करवाया जाता है ।यह भंडारा अभी पूर्णिमा तक प्रतिदिन निरंतर चलता रहेगा ।उन्होंने सभी श्रद्धालु भक्तों से भंडारे में शामिल होकर धर्म लेने की अपील की है।

### सेवानिवृत प्राचार्य शंकरलाल उपाध्याय का निधन



**सिहोरा, देशबन्धु।** ग्राम बरेली (खितौला) निवासी सेवानिवृत प्राचार्य शंकरलाल उपाध्याय का 78 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है । आप जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा के बीएसी अश्वनी उपाध्याय के पिताजी थे। अंतिम संस्कार ग्राम बरेली घाट में इनके ज्येष्ठ पुत्र अनिल उपाध्याय ने किया। आपअनिल उपाध्याय,अश्वनी उपाध्याय,आशीष उपाध्याय के पिता थे।

### बाघ की सर्चिंग में जुटा वन अमला, लोकेशन को जानने के लिए लगाए 26 कैमर

**सिवनी, देशबन्धु ।** खवासा वन परिक्षेत्र अंतर्गत 1 महिला पर बाघ ने हमला कर दिया था। इसके कारण उसकी मौत हो गई थी। वहीं हमलावर बाघ की लोकेशन जानने जंगल व राजस्व क्षेत्र में 26 कैमरे लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, बीते आठ नवंबर को खवासा वन परिक्षेत्र की सांवरीठ जंगल से लगे खेत में महिला का शिकार करने वाले बाघ की तलाश के लिए वन अमले ने जंगल व राजस्व क्षेत्र में 26 कैमरे लगाएं हैं। अब तक किसी भी कैमरों में बाघ कैद नहीं हुआ है।



## रात में भगवान भरोसे रहता है शासकीय अस्पताल

**बरेला, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 30 पर स्थित. शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला में वर्तमान में रात्रि में डॉक्टर ना होने के कारण यहां की चिकित्सा व्यवस्था पूर्णता भगवान के भरोसे चल रही है। नेशनल हाईवे होने के कारण यहां पर आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं किंतु रात्रि में डॉक्टर ना होने के कारण यहां पर मरीज को प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर करना पड़ता है इसकी वजह से. कभी-कभी मरीजों को अपनी जान से हाथ भी धोना पड़ जाता है किंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल में डॉक्टर की व्यवस्था न करने के कारण आम जनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**अस्पताल में नहीं हो पा रही है एमएलसी-** नगर के शासकीय अस्पताल में डॉक्टर ना होने के कारण घटना दुर्घटना में घायल मरीजों की एम एल सी नहीं हो पाती है। यहां पर पुलिस विभाग द्वारा जब मरीज को एमएलसी के लिए लाया जाता है तो इन मरीजों को विक्टोरिया या फिर जिला चिकित्सालय रेफर किया जाता है इसकी वजह से मरीजों को बेवजह दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है।

**रेफर केंद्र बन गया है अस्पताल-** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला वर्तमान में रेफर केंद्र बन गया है यहां पर मरीजों को इलाज न मिलने के कारण मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर करना पड़ रहा है. दिन में तो अस्पताल में होम्योपैथिक डॉक्टर उपलब्ध हो जाता है किंतु रात्रि कालीन डॉक्टर ना होने के कारण मरीजों को. प्राथमिक उपचार भी नसीब नहीं हो पा रहा है।

**अस्पताल में नहीं हो पा रही है डॉक्टर की व्यवस्था-**शासकीय अस्पताल बरेला में एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।.



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अनेक रोगों का इलाज कराने के लिए लगभग 80 गांव की जनता यहां पर आती है किंतु डॉक्टर की व्यवस्था न में होने के कारण मरीजों को निराशा ही हाथ लग रही है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गन्ना जलकर हुआ खाक



**पलोहाबड़ा, देशबन्धु।** गत दिवस ग्राम पलोहा बड़ा के जैविक कृषक मनोज अवस्थी के खेत में लगी गन्ने की फसल में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है।

कृषक मनोज अवस्थी ने बताया की विद्युत शार्ट सर्किट होने गन्ने की फसल की काफी क्षति हुई है। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाइन का नियमित एवम उचित रख रखाव नहीं किए जाने से हर वर्ष किसानों को शार्ट सर्किट से फसल जल जाने की घटनाओं से सामना करना पड़ता है। किसानों का आरोप है कि बिजली के झूलते तार किसानों के जानलेवा साबित होते है साथ ही खेत में लगी फसल को भी खाक कर देते है, इसके बावजूद भी यहां पदस्थ्य लाइन मेन किसानों से अवैध वसूली में इतने मशगूल होते है की उन्हें विद्युत लाइन दुरुस्त करने का समय ही नहीं मिलता है। किसान मनोज अवस्थी ने शार्ट सर्किट से हुई गन्ने की फसल की क्षतिपूर्ति की मांग प्रशासन से की है।

## युवक की सिर कटी लाश मिली

### गायब सिर की तलाश जारी



**अमरपाटन, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ककरा गांव के समीप 16 नवंबर को बिजली विभाग के पावर हाउस के पास डाँडियन टोला पटेल के बगीचे में मिली सिर कटी अज्ञात युवक की लाश, शरीर से अलग है सिर, उम्र तकरीबन 18 से 25 साल बताई जा रही है, सूचना के बाद अमरपाटन पुलिस मौके पर पहुंची जिस किसी को लाश के संबंध में जानकारी लगे अमरपाटन थाना पुलिस एसआई आकाश बागड़े को सुचित करे। जिस पर संवाददाता दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि 17 नवंबर शाम 5:00 बजे के लगभग अज्ञात लाश शैलेंद्र तिवारी नाम से पहचानी गई । मृतक जेरूका पोस्ट पेपखरा जिला रीवा मध्य प्रदेश मृतक के परिजन अमरपाटन थाने मैं शाम शुक्रवार से शाम शनिवार 18 नवंबर समाचार लिखे जाने तक परिजन थाने पर इस बात को लेकर अड़े हुए हैं कि मृतक का सर कहां हैं ।

## चुनाव ड्यूटी के दौरान अधिकारी की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में विधानसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी करते हुए एक अधिकारी की मौत हो गई है। बराक्ष हायर सेकंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रावेंद्र प्रसाद गर्ग की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के तौर पर जयसिंहनगर विधानसभा में लगाई गई थी। निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें रिजर्व कोटे के लिए शहडोल मुख्यालय में ही पदस्थ किया था। पीठासीन अधिकारी रावेंद्र प्रसाद गर्ग शहडोल मुख्यालय में निर्वाचन का काम कर रहे थे। तभी 17 नवंबर की शाम को कार्य के दौरान ही अचानक उनकी तबियत बिगड़ने लगी। अपनी तबियत बिगड़ते देख पीठासीन अधिकारी रावेंद्र प्रसाद गर्ग खुद ही अस्पताल के लिए रवाना हो गए। पीठासीन अधिकारी ब्यौहारी के नजदीक बरकछ गांव के रहने वाले थे। इस कारण उनका इलाज पहले से ही ब्यौहारी में चलता था। शहडोल में जैसे ही उनकी तबियत बिगड़ी वो खुद ही ब्यौहारी के लिए रवाना हो गए। गर्ग जैसे ही ब्यौहारी के सिविल अस्पताल पहुंचे वहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पुलिसकर्मी की मौत, एएसआई गंभीर घायल



**सिवनी, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में 17 नवबंर की रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहां मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में ड्यूटी देकर लौट रहे दो पुलिसकर्मियों की बाइक को किसी अंजान गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस खौफनाक सड़क हादसे में एक कॉन्सटेबल की मौत हो गई।

हादसे में एक एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गया है. उसे इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने कॉन्सटेबल का शव जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, उसने अंजान ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक, घंसौर थाने में पदस्थ कॉन्सटेबल ताम सिंह और एएएसआई कबीर दास इनवाती मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की ड्यूटी कर 17 नवंबर की रात घर लौट रहे थे। वे केवलारी गांव के पास पहुंचे ही थे कि उन्हें अंजान गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से उनकी बाइक सड़क से हटकर झाड़ियों में जा गिरी. हादसे में ताम सिंह की मौत हो गई. जबकि, कबीर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि हादसे के बाद दोनों बड़ी देर तक घटना स्थल पर तड़पते रहे. एएसआई कबीर इस हालत में भी नहीं थे कि वे किसी को मोबाइल से फोन कर सकें।

## दो ट्रक आपस में टकराए, ड्राइवर की हालत गंभीर



**छपारा,देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 घुनई घाटी के पास एक सड़क हादसा हो गया। जहां दो ट्रक आपस में टकरा गए। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर को चोट आई है। वहीं जबलपुर तरफ से आ रही ट्रक में सवार ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने छपारा पुलिस और 108 वाहन को दी। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया ।

## फर्जी वोटिंग के शक में मारपीट पर मुकदमा दर्ज

### कांग्रेस के निज सचिव ने लिखवाई एफआईआर

#### तीन नामजद भाजपा समर्थकों पर आरोप

**सतना, देशबन्धु।** फर्जी वोटिंग के संदेह में रामपुर बाघेलान की त्योंधरी पोलिंग में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा कायम हुआ है। कांग्रेस प्रत्याशी के निज सचिव की ओर से की गई एफआईआर में भाजपा समर्थक तीन नामजद व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। फरियादी दीपेंद्र पयासी पिता संतोष प्रसाद पयासी (32) निवासी ग्राम मांद थाना कोलगवां ने पीयूष पांडेय, सतीश शुक्ला के साथ थाना जाकर रिपोर्ट की है।




शिकायत में कहा कि 17 नवंबर की शाम 5 बजे कांग्रेस प्रत्याशी राम शंकर प्यासी के साथ ग्राम त्योंधरी पोलिंग क्रमांक 258, 259 में फर्जी वोटिंग की सूचना पर गया था। जब वहां पहुंचे तो बूथ में मौजूद अथर्मन सिंह, भोला सिंह निवासी त्योंधरी और भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह समेत अन्य लोगों ने गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बूथ के पास मौजूद पीयूष पांडेय और सतीश शुक्ला ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की कर उनके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही उनके पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि इन्हीं आरोपियों ने कांग्रेस प्रत्याशी के साथ भी बदसलूकी की और जान से मारने की धमकी दी है। अमरपाटन थाना पुलिस ने इस शिकायत पर आईपीसी की धारा 294, 323, 506 के तहत केस दर्ज करते हुए अथर्मन सिंह, भोला सिंह और आनंद सिंह को आरोपी बनाया है। यहां बता दें कि इसी घटनाक्रम को लेकर शुक्रवार की रात थाने में सैकड़ों लोगों ने धरना देकर कार्यवाही की मांग की थी।

## सऊदी ने सुनाया फरमान, मक्का में हो रही गिरफ्तारी

सऊदी अरब ने अपने तीर्थ स्थलों पर गाजा के लिए प्रार्थना करने वालों और फिलिस्तीन के लिए समर्थन दिखाने वालों पर सख्ती दिखाई है। इस कड़ी में सऊदी अरब मक्का और मदीना में पवित्र स्थलों पर गाजा के लिए एकजुटता दिखाने वालों और फिलिस्तीन के लिए प्रार्थना करने वाले को हिरासत में ले रहा है। एक ब्रिटिश अभिनेता और प्रजेंटर इस्लाह अब्दुर-रहमान ने कहा कि उन्हें फिलिस्तीनी केफियेह (काफिया) पहनने के कारण सैनिकों ने हिरासत में लिया गया था। रहमान ने अक्टूबर के अंत में सबसे पवित्र इस्लामिक तीर्थयात्रा की थी और सऊदी अरब में फिलिस्तीन के लिए एकजुटता दिखाई। उन्होंने मिडिल ईस्ट आई को बताया, मेरे सिर के चारों ओर एक सफेद काफिया और मेरी कलाई में एक फिलिस्तीनी रंग की तस्बीह (एक माला) पहनने के कारण मुझे चार सैनिकों ने रोका। इंटरव्यू में रहमान ने कहा, मुझे एक ऑफ-साइट स्थान पर ले जाया गया जहां उन्होंने अपराध की आशंका में हिरासत में लिए गए लोगों को रखा था। जहां मुझे हिरासत में लिया गया वहां अन्य अधिकारी भी थे जिन्होंने मुझसे पूछताछ की और मुझसे मेरी नागरिकता के बारे में पूछा।

# इजरायल ने बताई अपनी गलती, क्यों कम किया हमास हमले में मरने वालों का आंकड़ा

**तेल अवीव।** इजरायल ने हमास के हमले में मरने वालों का आंकड़ा सुधारते हुए इसे 1400 से 1200 कर दिया था। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सलाहकार ने इसके पीछे की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि गिनती में गलती हो गई थी। अमेरिकी न्यूज चैनल को इंटरव्यू देने के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि बहुत सारे शव बुरी तरह झुलस गए थे। पहले ऐसा लग रहा था कि वे इजरायली लोग हैं जिन्हें हमास के आतंकियों ने मार दिया।

बाद में पता चला कि उनमें से कई सारे शव आतंकवादियों के थे। उन्होंने कहा, पहले 1400 का आंकड़ा जारी किया गया था लेकिन बाद में इसे 1200 कर दिया गया है। हमें पता चल गया कि हमसे गलती हुई है। शव बुरी तरह से जले होने की वजह से पहचान करना मुश्किल हो रहा था। बता दें कि बीते सप्ताह इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेकहा था कि 7 अक्टूबर को हमास के हमले में मारे गए लोगों के आंकड़े में सुधार किया गया है। इस कत्लेआम में इजरायल के 1200 लोग मारे गए थे।

हमास और इजरायल में युद्ध छिड़ने के बाद अब तक 11400 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा पट्टी में अस्पतालों पर भी बमबारी हो रही है। तमाम देशों की तरफ से युद्धविराम के आग्रह को बेंजामिन नेतन्याहू मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाएगा सीजफायर का ऐलान नहीं होगा। अगर सीजफायर किया जाता है तो इसका सीधा मतलब समर्पण होगा। इजरायल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में घुसकर ऑपरेशन चलाया है। इसके अलावा कई जगहों पर बमबारी भी की गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मरने वालों में लगभग 4500 बच्चे हैं। वहीं अस्पतालों में सुविधाएं ना होने और फ्यूल खत्म होने की वजह से मरीजों की जान जा रही है।

नवजात बच्चों की जान बचानी भी मुश्किल हो रही है। हमास के आतंकी भी सुरंगों से आईडीएफ पर हमला कर रहे हैं। इजरायल का दावा है कि आतंकियों ने अस्पतालों को अपना अड्डा बना रखा है और वहां पर गोला बारूद रखा हुआ है।

**दक्षिण गाजा में भी चेतावनी**

इजरायल ने पहले लोगों से उत्तरी गाजा से दक्षिण की तरफ जाने को कहा था। बड़ी संख्या में लोग दक्षिणी गाजा में शिफ्ट हो गए। अब इजरायल ने दक्षिणी गाजा में भी सैन्य अभियान चलाने की बात कही है। आईडीएफ का दावा है कि उसने उत्तरी गाजा में नियंत्रण हासिल कर लिया है।

हमास के खात्मे और बंधकों की रिहाई को लेकर बड़ी चुनौती बनी हुई है। अगर इजरायल दक्षिणी गाजा पर भी इसी तरह हमले शुरू करता है तो उसे बंधकों से हाथ धोना पड़ सकता है।

## वामपंथी इज़राइली पार्टी आज गाजा में युद्धविराम के लिए करेगी प्रदर्शन

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजराइल की वामपंथी हदाश पार्टी शनिवार दोपहर को गाजा पट्टी में युद्धविराम की मांग करते हुए प्रदर्शन करेगी। हदेश पार्टी के नेता और नेसेट (संसद) में विधायक, अयमान ओदेह ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि तेल अवीव में प्रदर्शन भीषण युद्ध के बीच हो रहे अत्याचारों को दुनिया के सामने पेश करने के लिए बुलाया गया है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर, जो सुदूर दक्षिणपंथी राजनीतिक स्पेक्ट्रम से हैं, प्रदर्शन को रद्द करना चाहते हैं। हदेश पार्टी का विरोध मार्च गाजा में इजरायल के चल रहे हमले और हमास-नियंत्रित क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के खिलाफ सार्वजनिक रूप से पहली विपक्षी आवाज होगी।

## गाजा पर हमला इजरायल के लिए फायदे का सौदा? बढ़ जाती है खतरनाक हथियारों की मांग

**तेल अवीव।** गाजा में इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को 40 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं। इस बीच कम से कम 11 हजार फिलिस्तीनी मारे गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मारे गए लोगों में 4500 के करीब बच्चे हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल जिन हथियारों को एक्सपोर्ट करने वाला है, वह उनकी टेस्टिंग गाजा में कर रहा है। इसमें कई खतरनाक हथियार शामिल हैं। आयरन स्टिंग के नाम से जाने जाने वाले खतरनाक प्रेसीजन गाइडेड 120 एमएम मोर्टार बम का इस्तेमाल गाजा में तबाही मचाने के लिए खूब हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक हाइफा के मैन्युफैक्चरर एलबिट सिस्टम ने अपनी वेबसाइट पर इसका प्रचार भी किया है। इजरायल की सेना के साथ कंपनी ने करार किया है। इजरायली पीएम नेतन्याही की वॉर कैबिनेट का हिस्सा और रक्षधा मंत्री बेनी गैंट्ज ने कहा है कि आयरन स्टिंग का इस्तेमाल खुले इलाकों के साथ शहरों में भी किया जा सकता है। इससे मासूमों को छोड़कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि इजरायल जिन हथियारों का इस्तेमाल गाजा में तबाही मचाने के लिए कर रहा है, उनको खरीदने वाले बहुत हैं। कई देश इन सर्जिकल किलिंग मशीन को खरीदना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2014 की लड़ाई के दौरान गाजा में इजरायल ने ड्रोन मिसाइल का इस्तेमाल किया था। इसमें 3 एमएम टंग्सटन ट्यूब का इस्तेमाल होता था जो कि 20 मीटर के दायरे में विस्फोट करती थी। इस दायरे में आने वाले लोगों के मांस में इससे निकलने वाली कीलें घुस जाया करती थीं। 2014 के बाद इजरायली कंपनी द्वारा बनाए जाने वाली इस ड्रोन और रॉकेटी की मांग तेजी से बढ़ी। वहीं हेरोन टीपी एइटन ड्रोन इजरायल का सबसे बड़ा यूएवी था जो कि 2007 में लॉन्च किया गया था। इसे इजरायल की सरकारी कंपनी आईएआई बनाती थी। यह इजरायल की डिफेंस कंपनी द्वारा सबसे ज्यादा निर्यात किया जाने वाला हथियार था। यह लगातार 40 घंटे तक उड़ान भर सकता है और चार मिसाइलें से जा सकता है। 2008-09 की गाजा वॉर के वक्त इसका सबसे पहले इस्तेमाल किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे मासूमों की जान गई थी। ऑपरेशन कास्ट लीड के दौरान गाजा में 353 बच्चे मारे गए थे। ड्रोन से चलाई गई मिसाइल ने 116 लोगों की जान ली थी. इसके बाद हेरोन कैटिगरी के ड्रोन की मांग तेजी से बढ़ी। दो साल में कम से कम 100 ड्रोन निर्यात किए गए। अलजजीरा की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत इजरायल से सबसे ज्यादा हथियार खरीदता है। भारत ने 34 हेररोन ड्रोन भी खरीदे. इसके अलावा फ्रांस ने 24, ब्राजील ने 14, ऑस्ट्रेलिया ने 10 ड्रोन खरीदे। जानकारों का यह भी कहना है कि यह नहीं कहा जा सकता कि इजरायल अपने हथियारों को बेचने या फिर उनकी नुमाइश के लिए ही युद्ध लड़ता है लेकिन इतना जरूर है कि युद्ध के बाद भी इजरायल हथियारों को एक्सपोर्ट करके फायदा कमाता है।

## साहस, शौर्य और संघर्ष की प्रतीक : श्रीमती इंदिरा गांधी



### इंदिरा गांधी के जन्म दिवस 19 नवंबर के अवसर पर

भारतरत्न श्रीमती इंदिरा गांधी ऐसी विभूतियों में से एक हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है, हमारा मार्ग प्रषस्त करता है। - प्रियदर्शिनी' से प्रधानमंत्री तक की उनकी जीवनयात्रा देष के इतिहास का अविस्मरणीय हिस्सा है। उनकी प्रगतिशील विचारधारा और नेतृत्व शैली ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनके व्यक्तित्व में हिमालय सी दृढ़ता और समुद्र सी गंभीरता समाहित थी। उनकी कार्यषैली ने उनके व्यक्तित्व को करिश्माई रूप दिया, जिससे वे सच्ची जननायक बनीं। इंदिराजी कुशल प्रशासक एवं दूरदर्शी नेता थीं। उनके चिंतन में दृढ़ निश्चय, त्वरित निर्णय क्षमता जैसे नैसर्गिक गुण शामिल थे जिनकी वजह से जनमानस में उन्हें अपार लोकप्रियता हासिल हुई। जब भी 1971 की उस महान शौर्यगाथा का जिक्र आता हैं जिसमें पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने विवश होकर आत्मसमर्पण किया था, तब सभी देशवासी इंदिराजी को बड़े आदर से याद करते हैं। इंदिराजी की दूरदर्शिता और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता के कारण दुनिया के मानचित्र पर बांग्लादेश के रूप में नए राष्ट्र का उदय हुआ। अगर इंदिरा गांधी नहीं होतीं, तो क्या बांग्लादेश बन सकता था? क्या सिक्किम का भारत में विलय हो सकता था? क्या श्रीलंका की हिंसक बगावत काबू में की जा सकती थी? क्या भारत दक्षिण एशिया की महाशक्ति बन सकता था? इंदिराजी ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन, रंगभेद आंदोलन तथा भूमंडल की शांति के आंदोलन में बेजोड़ निपुणता तथा महान गरिमा के साथ अपनी महती भूमिका निभाई। इंदिरा जी का मानना था कि -" जब तक देश में गरीबी और असमानता है, तब तक उसे दूर करने के लिए कार्य करना मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती है।"

उनका कहना था कि आजादी के क्या मायने हैं अगर किसी के पास उचित रोजगार नहीं है। हमें आजादी को गरीबों के लिए एक हकीकत बनाना होगा। इंदिराजी का संकल्प था कि गरीबी हटनी चाहिए, विशमताएं दूर होनी चाहिए और अन्याय का अंत होना ही चाहिए। यही उनका लक्ष्य था जिसको प्राप्त करने की दिशा में वे जीवन पर्यन्त संघर्षरत रहीं। इंदिराजी की कथनी और करनी में कभी भी अंतर नहीं था। वे समय-समय पर देश की जनता को दिये गये आश्वासनों को पूरा करने की दिषा में कार्ययोजना बनाती रहती थीं। इंदिराजी की पहल पर छठी पंचवर्षीय योजना में नई आर्थिक नीतियां और कार्यक्रम तय किए।

2

गए जिनमें गरीबी उन्मूलन के व्यापक और दीर्घकालीन उपाय शामिल थे। इंदिराजी ने गरीबी-हटाओ के नारे तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम के माध्यम से देश के सामाजिक, आर्थिक ताने-बाने को मजबूत किया। 20 सूत्रीय सामाजिक आर्थिक कार्यक्र म में भूमिहीनों, कामगारों, सीमांत किसानों, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों तथा गरीब व कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने के बड़े प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप देष में विकास का एक नया दौर शुरू हुआ। उन्होंने अल्पसंख्यकों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान हेतु अथक प्रयास किये। श्रीमती इंदिरा गांधी ने जीवन भर भारत की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय एकता और समानता पर आधारित लोकतंत्र की परंपराओं और सिद्धांतों का सही मायनों में पालन किया।

देश के हर वर्ग को विकास का लाभ मिले, सबको समान अवसर प्राप्त हों, इसके लिए उन्होंने अनेक दूरगामी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रिवीपर्स की समाप्ति, तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण, देश के संसाधनों का समान वितरण आदि उनके ऐसे ही प्रगतिशील दम थे। इंदिराजी चाहती थीं कि हर भारतवासी आत्मसम्मान की जिंदगी जिए। उन्होंने समाज

के शोषित वर्गों तथा सदियों से उपेक्षित व प्रताड़ित भारतीय नारियों को सशक्त बनाने की

दिशा में अनेक कदम उठाए। उनके शासनकाल में महिलाओं को बराबरी का हक मिला, खेतिहर महिला मजदूरों को पुरूषों के बराबर मजदूरी का कानून बना, कामकाजी महिलाओं की भलाई के लिए तमाम योजनाएं शुरू की गई। इंदिराजी देश की खाद्य सुरक्षा को दृढ़ता के साथ सुनिश्चित करना चाहती थीं। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में 'हरितक्रांति' का सूत्रपात किया। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक परियोजनाएं शुरू की गईं। किसानों की बेहतर फसल के लिए नई टेक्नोलॉजी, पानी, उर्वरक, उन्नत बीज एवं कृषि ऋण मुहैया कराया गया, जिससे देश कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सका। इंदिराजी जानती थीं कि खेती की आय से

किसानों की जिंदगी में खुशहाली लाना कठिन कार्य है इसलिए उन्होंने 'दुग्धक्रांति आपरेषन' शुरू किया तथा नेषनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड की स्थापना की। इसके साथ-साथ उन्होंने अखिल भारतीय ग्रामीण प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जिससे दुग्ध क्रांति के साथ-साथ सोयाबीन क्रांति की शुरूआत हुई।

इंदिराजी ने अपने जीवन काल में देश के जनजातीय समुदाय की पीड़ा तथा उनकी आकांक्षाओं को बखूबी पहचाना और उनके विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहीं। आदिवासी

3

भाई-बहनों से उन्हें बहुत लगाव था। इंदिराजी चाहती थीं कि जनजातीय समुदाय की समस्याओं का समाधान हो और उनकी जो सभ्यता है, जो परम्परा है, वह सुरक्षित रहे। आज दुनिया पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, वन्य जीवन, वनों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा

की चर्चा कर रही है इन मुद्दों पर इंदिराजी ने 1972 से ही काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने 1972 में प्रोजेक्ट टाईगर कार्यक्रम बनाया तथा शेरों व बाघों के शिकार पर प्रतिबंध लगाया। इंदिराजी ने 1975 में पर्यावरण बचाने और पौधा रोपण के काम में लाखों लोगों का उपयोग किया। 1972 के संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने महती भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी जातियों और समुदायों के बीच भेदभाव करने वाली उस विचारधारा को हमेशा नापसंद करती थीं, जिसने अतीत काल में देष को गहरी क्षति पहुंचाई। वे धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों की प्रबल समर्थक थीं। बहुत कम लोगों को ऐसा मौका मिलता है कि वे जिस उद्देश्य के लिए जीवित रहें, उसी के लिए अपनी जान की कुर्बानी भी दें। फिरकापरस्त ताकतों और साम्प्रदायिक हिंसा को समाप्त करने के लिए इंदिराजी ने अथक संघर्ष किया और देश की एकता और अखण्डता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया इंदिराजी का मध्यप्रदेश से विषेष लगाव था। उन्होंने मध्यप्रदेश के लगभग सभी अंचलो की यात्राएं की एवं प्रदेश के विकास कार्यों की आधारषिला रखी। मसलन, ग्वालियर संभाग के शिवपुरी में सिंधु नदी परियोजना, विजयपुर में उर्वरक कारखाना, मालवा-निमाड़ में नर्मदा सागर वृहद सिंचाई परियोजना, खरगोन में नर्मदा पेयजल परियोजना, रीवा संभाग के सीधी में विंध्याचल ताप परियोजना तथा शहडोल में संजय गांधी सुपर थर्मल परियोजना, भोपाल में पर्यावरण सुरक्षा संस्थान जैसे अनेकों परियोजनाएं हैं जो इंदिराजी के स्मृति चिह्न के रूप में हमारी धरोहर हैं और इन्हीं से मध्यप्रदेश में विकास और खुशहाली का नया सबेरा आया है। आज इंदिराजी हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके विचार और कार्य हमारे बीच में मौजूद हैं। हम उन्हें सादर नमन करते हुए उनकी जन्मतिथि पर देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने का संकल्प लेते हैं।

आज हम उनके जीवन को एक विशिष्ट नेतृत्व, साहस और कुर्बानी के लिए याद करते हैं। इंदिरा गांधी ने जिन सपनों और आदर्शों के साथ जीते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया, वे हमारे लिये आदर्श व पथ-प्रदर्षक हैं और उनके अनुसार चलना हमारा कर्तव्य है।

**-सुरेश पचौरी**

**( लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन, कार्मिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे हैं )**

## कूटनीति

## नेतन्याहू ने दोहराया हम गाजा पर कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहे

**वाशिंगटन/जेरूसलम, (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि उनका देश गाजा पर कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहा, लेकिन हमारा लक्ष्य हमास-नियंत्रित क्षेत्र को विसैन्यीकरण और कट्टरपंथ से मुक्त करना है। उन्होंने गुरुवार को सीबीएस न्यूज इंटरव्यू के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इजरायल 'न्यूनतम नागरिक हताहतों के साथ' हमास का सफाया करने की कोशिश कर रहा है।**



'हम आतंक को फिर से उभरने से रोकने के लिए समग्र सैन्य जिम्मेदारी चाहते हैं... हम कब्जा करना नहीं चाहते। वह हमारा लक्ष्य नहीं है, लेकिन हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि वहां जो होता है वह अलग हो।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'ऐसा करने के लिए हमें गाजा को विसैन्यीकृत करना होगा और हमें गाजा को कट्टरपंथी बनाना होगा।'

उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीनियों को हमास से आजाद कराने से उन्हें बेहतरीन भविष्य मिलेगा। गाजा के अल-शिफा अस्पताल में इजरायली सैन्य छापे के बारे में, नेतन्याहू ने कहा कि इस बात के 'मजबूत संकेत' हैं कि हमास ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद बंधक बनाए गए लोगों को अस्पताल के अंदर रखा हुआ है। उन्होंने सीबीएस न्यूज को बताया, 'हमारे पास इस बात के पुख्ता संकेत थे कि उन्हें शिफा अस्पताल में रखा गया था, यही एक कारण है कि हम अस्पताल में दाखिल हुए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'अगर वे (वहां) थे, तो उन्हें बाहर निकाल लिया गया।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के पास 'बंधकों के बारे में खुफिया जानकारी' है। अधिकारियों के मुताबिक, गाजा में 237 लोगों को बंदी बनाया जा रहा है, जिनमें इजरायली, विदेशी नागरिक और बच्चे शामिल हैं। अब तक, हमास द्वारा चार नागरिक बंधकों को रिहा कर दिया गया है, और एक महिला सैनिक को इजरायली बलों ने बचाया है। इजरायल ने कहा है कि हमास अस्पताल के नीचे एक कमांड सेंटर रखता है, साथ ही चिकित्सा परिसर को आधार के रूप में उपयोग करता है। हालांकि, आतंकवादी समूह द्वारा आरोपों का बार-बार खंडन किया गया है।

जब नेतन्याहू से कैदियों की अदला-बदली के प्रस्तावित सौदे और बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल कितना करीब है, के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीबीएस न्यूज से कहा जमीनी कार्रवाई शुरू करने से पहले हम जितने करीब थे, उससे कहीं ज्यादा करीब हैं... (जमीनी आक्रमण शुरू हो गया है) हमास पर युद्ध विराम के लिए दबाव डालें।

## फिलीपींस में 7.2 तीव्रता का भीषण भूकंप

**मनीला,** (एजेंसियां)। दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता का जबरदस्त भूकंप आया, हालांकि जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, अपतटीय भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार शाम 4.14 बजे आया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि भूकंप का केंद्र दावाओ ऑक्सिडेंटल क्षेत्र में सारंगानी शहर से लगभग 30 किमी दक्षिण पश्चिम में भूतल से 10 किमी की गहराई पर था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद अभी और झटके आएंगे तथा नुकसान होगा। इस बात की भी तत्काल कोई जानकारी नहीं है कि भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी हुई है या नहीं।

## आज का इतिहास

1835-1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जन्म।
1917-भारत की चौथी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म।
1933-यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
1951-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1952-स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना।
1977-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा।
1982-नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरु।
1986-पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ।
1994-भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
1995-कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
1997-कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
1998-कैंब्रिज स्थित इंटरनेशनल बायोग्राफ़िकल सेंटर ने भरनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना कोमला वर्धन को वर्ष 1998 का वूमेन ऑफ दी इयर पुरस्कार के लिए चुना।

## सुडोकू 6380

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6380



**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6379

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | तं | त्र | ता | ■ | अ | न | दे | खा |
| द | ■ | त्रि | ■ | र | खा | व | ■ | वा | ■ |
| या | चि | का | ■ | का | ■ | सा | म | रि | क |
| त्री | ■ | ■ | ■ | य | ज | न | ■ | ■ | ष्ट |
| ■ | भ | द्र | ज | न | ■ | ■ | ति | न | का |
| ■ | ज | ■ | त | ■ | मु | श्कि | ल | ■ | र |
| सु | न | सा | न | ■ | नी | ■ | क | न | क |
| रा | ■ | थ | ■ | म | म | ता | ■ | जी | ■ |
| सु | र | सा | ■ | न्म | ■ | न | का | र | ना |
| र | ■ | थ | र | थ | रा | ना | ■ | ■ | द |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

# खेल जगत

## मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी : इयान चैपल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज लेग स्पिनर एडम ज़म्पा को संभालने में सक्षम हैं तो रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ग्लेन मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। ज़म्पा ने रविवार के फाइनल में टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में प्रवेश किया, उन्होंने 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए।

दूसरी ओर, मैक्सवेल का इकॉनमी रेट 4.72 रहा है और उन्होंने सितंबर में राजकोट में भारत के खिलाफ शानदार 4-40 का विकेट आंकड़ा भी हासिल किया था। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, भारतीय स्पिन को बहुत अच्छा खेलते हैं और मुझे लगता है कि अगर वे समझदारी से खेलते हैं तो वे शायद ज़म्पा को बहुत अच्छी तरह से संभाल लेंगे, जिसका मतलब है कि मैक्सवेल को वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।



# अजेय भारत अब वन डे विश्व कप जीतने को बेताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली अजेय भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार को फाइनल में भी हरा लगातार 11वीं जीत के साथ 12 बरस बाद फिर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने को बेताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दो दशक के बाद फिर फाइनल में आमने-सामने होंगे। मेजबान भारत अपनी मौजूदा फॉर्म के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया को चेन्नै में छह विकेट से हराकर शुरू किया था। भारत ने इस साल ऑस्ट्रेलिया से अपने पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं। भारत के पास अब ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में भी हराकर तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के हाथों राउंड रॉबिन लीग में हार से आगाज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लीग और सेमीफाइनल सहित लगातार आठ मैच जीत सही वक्त पर अपनी रंगत पा ली है। भारत को ऐसे में ऑस्ट्रेलिया से पूरी तरह चौकस रहने की जरूरत है। कप्तान रोहित शर्मा के पास फटाफट क्रिकेट में अपने नए दे दनादन , दे दनादन के अवतार में अपना नाम महान ऑलराउंडर कपिल देव (1983) और कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी (2011) की तरह भारत को वन डे विश्व कप जिताने वाले अनुकरणीय कप्तानों की फेहरिस्त में नाम दर्ज कराने का मौका है। चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के पास आठवी फाइनल में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया से 2003 में जोहानिसबर्ग में फाइनल में 125 रन की हार का हिसाब चुका कर उसी की तरह लगातार 11 वां मैच जीत अजेय रहकर खिताब जीतने का मौका है। भारत इस मौके को पूरी तरह भुनाने को बेताब है। दुनिया की दोनों दिग्गज टीमों भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच



बेहद रोमांचक फाइनल की उम्मीद है। भारत को अपनी फील्डिंग जरूर और चौकस करनी होगी क्योंकि फाइनल में एक भी छूटा कैच उसकी खिताब जीतने की हसरत पर पानी फेर सकता है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में जरा सी भी ढील की गुंजाइश नहीं है। भारत को फाइनल में जरा सी चूक सांप सीढ़ी के खेल की तरह एकदम धरती पर ला सकती है। इस फाइनल को देखने के लिए हर भारतीय क्रिकेट प्रेमी के साथ दुनिया भर में क्रिकेट प्रेमी बेताबी से मैदान के साथ अपने अपने घरों में टीवी पर मौजूदा संस्करण में हर गेंद को खेलने के लिए बेताबी से इंतजार करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा सहित मौजूदा भारतीय टीम के करीब आधा दर्जन का खिलाडियों का यह अंतिम वन डे विश्व कप है और वह इसी लिए इसमें भारत के जिताने में कोई कसर नहीं छोडऩा चाहेंगे। दोनों टीमों के लिए फाइनल में शुरू के दस ओवर बेहद इसके नतीजे में खासे अहम रहने वाले है क्योंकि भारत के पासं शीर्ष क्रम में खुद कप्तान रोहित शर्मा व उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल जैसे दे दनादन में माहिर बल्लेबाजों के साथ विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बराबर स्कोर बोर्ड को चला कर किसी भी तूफान से टीम की नैया को किनारे लगाने वाले सक्षम बल्लेबाज हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास हालात कोई भी हो अपने स्वच्छंद अंदाज में खुल कर खेलने वाले बाएं हाथ के ट्रेविज हेड और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी के साथ तीसरे नंबर पर विस्फोटक मिचेल मार्श जैसे बल्लेबाज हैं जो शुरू से ही दे दनादन कर मैच का रुख शुरू में अपनी टीम की ओर मोडऩे में सक्षम हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पास निचले मध्यक्रम में मौजूदा संस्करण में दोहरा शतक जडऩे वाले ग्लेन मैक्सवेल जैसा हारी बाजी पलटने में सक्षम बल्लेबाज है। मौजूदा संस्करण में तीन शतकों और पांच अर्द्धशतकों सहित भारत के विराट कोहली (कुल 711 रन) रन बनानें में और रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी छह मैचों में कुल 23 विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (कुल 22 विकेट) शमी के बाद फिलहाल मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ओर से अब तक मौजूदा संस्करण में अब सात-सात शतक जड़े गए हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के आठ के मुकाबले भारत की ओर से जड़े 16 अर्द्धशतक मेजबान टीम की बल्लेबाजी की गहराई को बताते हैं। हार्दिक पांडया के चोट के शुरू के चार मैचों के बाद बाहर होने से भारत बाकी के छह मैचों में खासतौर पर शमी की चमत्कारिक गेंदबाजी के चलते खालिस पांच गेंदबाजों से मैच जीतने में कामयाब रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी दो-दो शतक जडऩे वाले ग्लेन मैक्सवेल(कुल 398 रन), डेविड वॉर्नर(कुल 528 रन) और मिचेल मार्श (कुल 426 रन) के साथ आखिर के पांच मैचों में टीम से जुड़े और उतरते ही न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जडऩे वाले सलामी बल्लेबाज ट्रेविज हेड पर निर्भर है। भारत की खुशकिस्मती है कि मौजूदा संस्करण में अब तक सेमीफाइनल में सहित छह मैचों में तीन बार पांच या इससे अधिक चटका सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले मोहम्मद शमी(कुल 23 विकेट) के साथ सदाबहार जसप्रीत बुमराह(कुल 18 विकेट) और मोहम्मद सिराज(कुल 13 विकेट) की रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ चतुर लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 15 विकेट) और बेहद शांत रवींद्र जडेजा (कुल 16 विकेट) हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि अहमदाबाद में मौजूदा संस्करण में मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह की अगुआई में मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में गेंदबाजों के इकाई के रूप में बढिया़ प्रदर्शन तथा कप्तान रोहित शर्मा की मात्र 63 गेदों में 6 छक्कों और 6 चौकों की 83 रन) तथा श्रेयस अय्यर के अविजित 53 रन से भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट शिकस्त दी थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने एडम जम्पा के हरफनमौला खेल से चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 33 रन से हराया था। भारत को बतौर तेज गेंदबाज बुमराह के साथ सबसे खतरनाक व कामयाब शमी उपलब्ध हैं और वह इन दोनों से गेंद से रफ्तार के साथ धार और कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के खिलाफ मैच जैसी तूफानी पारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भी खेलने की आस लगाए है।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत ने मौजूदा संस्करण में अपने अभियान का आगाज ऑस्ट्रेलिया को ही चेन्नै में छह विकेट से हरा कर के साथ किया।

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइकरेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 10 | 711 | 117 | 101.57 | 90.68 | 3/5 |
| रोहित शर्मा | 10 | 550 | 131 | 55.00 | 124.15 | 1/3 |
| श्रेयस अय्यर | 10 | 526 | 128* | 75.14 | 113.11 | 2/3 |
| केएल राहुल | 10 | 386 | 102 | 77.20 | 98.72 | 1/1 |
| शुभमन गिल | 8 | 350 | 92 | 50.00 | 108.02 | 0/4 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 111 | 39* | 55.50 | 115.62 | 0/0 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 10 | 528 | 163 * | 52.80 | 107.53 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 398 | 201* | 66.33 | 150.18 | 2/0 |
| मिचेल मार्श | 9 | 426 | 177 | 53.25 | 107.84 | 2/1 |
| लबुशेन | 10 | 304 | 71 | 33.77 | 75.62 | 0/ 2 |
| ट्रेविज हेड | 5 | 192 | 109 | 38.40 | 139.13 | 1/1 |
| स्मिथ | 9 | 298 | 71 | 37.25 | 81.86 | 0/2 |

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 6 | 41.5 | 210 | 23 | 7/57 | 5.01 |
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 82.5 | 330 | 18 | 4/39 | 3.98 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 83.3 | 355 | 16 | 5/33 | 4.25 |
| कुलदीप यादव | 10 | 85.1 | 368 | 15 | 2/7 | 6.84 |
| मोहम्मद सिराज | 10 | 75.3 | 424 | 13 | 3/16 | 5.6 |
| हार्दिक पांडया | 4 | 16.3 | 113 | 5 | 2/34 | 6.8 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडम जम्पा | 10 | 86 | 471 | 22 | 4/8 | 5.47 |
| जोश हेजलवुड | 10 | 83.1 | 389 | 14 | 3/38 | 4.67 |
| पैट कमिंस | 10 | 79.3 | 481 | 13 | 3/51 | 6.05 |
| मिचेल स्टार्क | 9 | 77.0 | 473 | 13 | 3/34 | 6.14 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 62.3 | 295 | 5 | 2/34 | 4.72 |
| मरकस स्टोइनस | 6 | 19.0 | 143 | 4 | 2/40 | 7.52 |

## ऑस्ट्रेलिया टीम की ताकत और कमजोरी, भारत के लिए क्या उम्मीद है?

**नई दिल्ली।** 2023 पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच चुका है। कोलकाता में कम स्कोर वाले और तनावपूर्ण सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 16 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया अब अपने आठवें पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में है और रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में छठे खिताब का पीछा करेगा।



**यहां पढ़िए खिताबी मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्लेषण :**

**ऑस्ट्रेलिया की ताकत :-** टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस लौटने के लिए बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख शक्तियों में से एक रही है। चाहे वह ट्रैविस हेड हों (जो हाथ में फ्रैक्चर के कारण शुरू में टूर्नामेंट से चूक गए थे), मिशेल मार्श (426 रन), डेविड वार्नर (528 रन) या ग्लेन मैक्सवेल (398 रन), स्टीव स्मिथ या मार्नस लाबुशेन, सभी ने बल्लेबाजी में योगदान दिया है।

गेंद के साथ, लेग स्पिनर एडम जम्पा शीर्ष फॉर्म में हैं, उन्होंने 22 विकेट लिए हैं। जबकि, मैक्सवेल और हेड के अंशकालिक ऑफ-स्पिन ने उन्हें अच्छा समर्थन दिया है। फाइनल से पहले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (2/12), मिच स्टार्क (3/34) और कप्तान पैट कमिंस (3/54) का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए और भी ख़ुशी की बात है।

**कमजोरी :** चेन्नई में भारत के खिलाफ, स्पिन-अनुकूल पिच पर ऑस्ट्रेलिया को नियंत्रण में रखा गया क्योंकि कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए। कुलदीप और जडेजा शीर्ष फॉर्म में हैं, सेमीफाइनल में तबरेज शम्सी और केशव महाराज से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को कुछ परेशानी हुई, स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी कमजोरी बनी हुई है।

**अवसर :** आखिरी बार 2015 में खिताब जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने छठे पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप खिताब की तलाश में है। उनके पास नॉकआउट में शानदार प्रदर्शन करने की अच्छी क्षमता है और फाइनल जैसे बड़े मैचों में, वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने भारत के खिलाफ 2003 विश्व कप जीता और इस साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भी उन्हें हरा दिया।

**खतरा :** प्रतियोगिता में टीमों के लिए बल्ले और गेंद से भारत के दबदबे को रोकना बहुत कठिन रहा है। एक से ग्यारह तक हर कोई शीर्ष फॉर्म में है और उन्होंने विरोधियों को अच्छी तरह से नष्ट कर दिया है।

## लगातार 10 जीत, टीम इंडिया के स्वप्निल सफर पर एक नजर

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपने अजेय प्रदर्शन की बदौलत अक्टूबर से ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। लगातार दस मैच जीतने के दबदबे का मतलब है कि दो बार का चैंपियन भारत खिताबी मुकाबले में पहुंच गया है, जहां रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उसका सामना शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया से होगा। यहां 2023 पुरुष विश्व कप फाइनल में भारत की अजेय यात्रा पर एक नजर है, जहां उन्होंने बड़े पैमाने पर यात्रा की है और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने वफादार प्रशंसकों को ढेर सारी खुशियां दी हैं।

**मैच 1, 8 अक्टूबर: भारत ने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया:** भारतीय स्पिनरों, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने मिलकर छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में सिर्फ 199 रन पर आउट कर दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर में 2-3 विकेट लेकर भारतीय खेमे में शुरुआती घबराहट पैदा कर दी। लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) के बीच 215 गेंदों पर 165 रनों की शानदार साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट से जीत दिलाकर अपने अभियान की शुरुआत की।

**मैच 2, 11 अक्टूबर : भारत ने नई दिल्ली में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया :** जसप्रीत बुमराह (4-39) ने घातक तेज गेंदबाज़ी करते हुए अफगानिस्तान को 272/8 पर रोक दिया। 273 रनों के मुश्किल लक्ष्य के सामने कप्तान रोहित शर्मा ने 131 रनों की पारी खेली और स्थानीय खिलाड़ी विराट कोहली ने नाबाद 55 रनों की पारी खेलकर घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करते हुए प्रतियोगिता में भारत की अच्छी शुरुआत को बनाए रखा।

**मैच 3, 14 अक्टूबर: अहमदाबाद में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया :** एक जोरदार मुकाबले में, बुमराह की अगुवाई में भारत के गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए, जिससे बीच के ओवरों में आश्चर्यजनक पतन हुआ, क्योंकि पाकिस्तान ने 36 रन पर आठ विकेट खो दिए, और 191 रन पर ही समाप्त हो गया। रोहित ने फिर से बल्ले से चमक बिखेरी। 83 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन बनाकर भारत के लिए जीत की हैट्रिक बनाई।



**मैच 4, अक्टूबर 19: भारत ने पुणे में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया :** बाएं टखने की चोट के कारण हार्दिक पांड्या को खोने के बाद, भारत को थोड़े समय के लिए बैकफुट पर रखा गया, इससे पहले कि रवींद्र जडेजा ने 2-38 विकेट लिए और बांग्लादेश को 256/8 पर रोके रखने के लिए मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। रोहित और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई, इसके बाद कोहली ने नाबाद 103 रन की पारी खेली, जो उनका 48वां एकदिवसीय शतक था और उन्होंने 51 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**मैच 5, 22 अक्टूबर: धर्मशाला में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया :** अपने पहले विश्व कप मैच में खेलते हुए, मोहम्मद शमी ने आखिरी दस ओवरों में 5-54 विकेट लेकर शानदार वापसी की और न्यूजीलैंड को 273 रनों पर आउट कर दिया। जवाब में, कोहली ने 104 गेंदों में 95 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि जडेजा ने नाबाद 39 रन की बहुमूल्य पारी खेली,जिससे भारत न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

**मैच 6, 29 अक्टूबर: भारत ने लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रन से हराया :** रोहित ने भारत के लिए सर्वाधिक 87 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने बैक-एंड में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए, जिससे भारत ने मुश्किल दो गति वाली पिच पर 229/9 रन बनाए। शमी ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि बुमराह ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए और इंग्लैंड के पहले दस ओवरों में चार विकेट झटके। कुलदीप ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि जडेजा ने 16 रन देकर 1 विकेट लिया, जिससे भारत ने सटीकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 34.5 ओवर में 129 रन पर आउट कर दिया और तालिका में फिर से शीर्ष पर आ गया।

**मैच 7, 2 नवंबर: भारत ने मुंबई में श्रीलंका को 302 रनों से हराया :** भारत ने 357/8 का स्कोर बनाया, जिसमें गिल, कोहली और अय्यर ने 92, 88 और 82 रनों की पारी खेली, जिससे श्रीलंका को चढ़ने के लिए एक बड़ा पहाड़ मिल गया। नई गेंद से बुमराह, शमी और सिराज ने इस कदर धमाल मचाया कि श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई। बुमराह के पास पांच ओवरों में 1-8 के आंकड़े थे, जबकि सिराज ने बल्लेबाजों को स्विंग और सीम से परेशान करके सात ओवरों में 3-16 रन बनाकर टूर्नामेंट में एक उदासीन समय की भरपाई की। शमी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट लिए।

**मैच 8, नवंबर 5: भारत ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया :** अपने 35वें जन्मदिन पर, कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की, और अय्यर के शानदार 77 रन की मदद से भारत ने 326/5 का स्कोर बनाया। जड़ेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि कुलदीप ने दो विकेट लिए जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर आउट हो गया।

**मैच 9, 12 नवंबर: बेंगलुरु में भारत ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया :** भारत ने 410/4 का स्कोर बनाया, क्योंकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्द्धशतक बनाए। जवाब में, नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई, जिसमें सिराज, बुमराह, कुलदीप और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, वहीं विराट और रोहित को भी एक-एक विकेट मिला।

## सार संक्षेप

### टॉस फैक्टर आएगा काम, अहमदाबाद में रन चेज आसान

**अहमदाबाद।** विश्व कप 2023 एक बार फिर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लौट आया है। 5 अक्टूबर को टूर्नामेंट का आगाज यहीं हुआ था और अब समापन भी दो बार के विश्व कप विजेता भारत और पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबले के साथ यहीं होगा। टूर्नामेंट का मेजबान भारत शानदार फॉर्म में है। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं, जिसमें 8 अक्टूबर को चेन्नई में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट की जीत भी शामिल है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल करने से पहले दो हार के साथ शुरुआत की लेकिन लगातार आठ मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। इस वेन्यू पर वनडे मैचों में भारत का जीत प्रतिशत 58 है। जबकि, ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 67 प्रतिशत है। पिछली बार जब भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप फाइनल में भिड़े थे, तो यह टूर्नामेंट के 2003 संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में हुआ था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 125 रनों से जीत हासिल की थी। आखिरी बार भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप के नॉकआउट मैच में अहमदाबाद में 2011 में भिड़े थे, जहां जीत भारत की हुई थी। क्रिकेट-21.कॉम द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार कप्तानों ने इस वेन्यू पर विश्व कप के चार मैचों में से तीन में पहले गेंदबाजी करना पसंद किया है और उनका यह फैसला सही साबित हुआ।

### अहमदाबाद पहुंचते ही स्टेडियम पहुंचे कमिंस, पिच की फोटो खींचते आए नजर

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अहमदाबाद पिच की रविवार को तस्वीरें लेते देखा गया। अब ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। पिच की फोटो लेते हुए पैट कमिंस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। यह दावा किया जा रहा है कि अगर मैच के दिन पिच में छेड़छाड़ होती है।

## अहमदाबाद को किंग कोहली की एक और जादुई पारी का इंतजार

अहमदाबाद। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में प्रवेश किया। इसी मैच में विराट कोहली ने एकदिवसीय करियर का अपना 50वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने अपना पहला वनडे शतक 2009 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता में बनाया था। उस समय बहुतों ने सोचा भी नहीं था कि वह इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट पंडितों को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि कोहली जैसा कोई व्यक्ति आधुनिक क्रिकेट में तेंदुलकर से आगे निकल सकता है। कोहली 2012 आते-आते भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके थे, लेकिन मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड को पार करना अभी भी एक कठिन काम था, यह देखते हुए कि खिलाड़ियों के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना कितना मुश्किल है।

हालाँकि, तेंदुलकर को पता था कि अगर कोई उनके रिकॉर्ड के करीब पहुंच सकता है तो वह कोहली या रोहित शर्मा होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने 11 साल पहले भविष्यवाणी की थी कि कोहली भविष्य में उनका रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। और जब बुधवार को कोहली ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, तो वह वानखेड़े में तेंदुलकर को सम्मान देने के लिए झुक गए, जहां मास्टर ब्लास्टर ने अपने शुरुआती वर्षों के दौरान क्रिकेट खेला था। कोहली ने इस विश्वकप में तेंदुलकर का एक और रिकॉर्ड तोड़ा है। वह अब तक 711 रन के साथ वनडे विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रिकॉर्ड तोड़े नहीं बल्कि इतिहास फिर से लिखा क्योंकि दोनों रिकॉर्ड एक भारतीय खिलाड़ी के ही नाम थे। इस विराट कारनामे के बाद तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय खिलाड़ी ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, और वह भी सबसे बड़े मंच पर। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का विराट खिलाड़ी बन गया है। मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। और सबसे बड़े मंच पर - विश्व कप सेमीफाइनल में - और मेरा घरेलू मैदान सोने पर सुहागा है। वर्ष 2008 में पदार्पण करने से लेकर 2022 में कप्तानी से हटाए जाने तक कोहली के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई चुनौतियां आईं। फिर भी, प्रत्येक झटके के बाद वह पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरे, और कई मौकों पर भारत को तब जीत दिलाई जब परिस्थितियां मेन इन ब्लू के खिलाफ थीं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप में उनकी आक्रामक पारी हो या चल रहे शोपीस इवेंट के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी मैच बचाने वाली 104 गेंदों में 95 रन की पारी - कोहली ने टीम को तब आगे बढ़ाया है जब इसकी बहुत जरूरत थी। लक्ष्य का पीछा करने की कला के लिए जाने जाने वाले कोहली ने बाद में बल्लेबाजी करते हुए 27 शतक बनाए हैं। उनके 50 एकदिवसीय शतकों में से 42 बार टीम जीती है जो यह बताता है कि कैसे वह भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में मुख्य आधार रहे हैं। विभिन्न देशों के खिलाफ असाधारण प्रदर्शन के साथ, कोहली की एकदिवसीय बल्लेबाजी की प्रतिभा लगभग हर देश के खिलाफ निखरकर सामने आई है। श्रीलंका के खिलाफ 51 पारियों में 10 शतक बनाकर वह एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं।

वेस्टइंडीज ने 41 पारियों में नौ शतकों के साथ कोहली का कौशल देखा है जबकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने क्रमश- 46 पारियों में आठ और 31 पारियों में छह शतक लगाये हैं। किंग कोहली 2018 में जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने उस साल केवल 14 पारियों में छह शतक बनाए। अगले साल 2019 में भी उनकी असाधारण रन-स्कोरिंग जारी रही। उन्होंने 25 पारियों में पांच शतक बनाए। उनके करियर के शुरुआती वर्षों में 2012 (17 पारियों में पांच शतक), 2013 (30 पारियों में चार शतक), और 2014 (20 पारियों में चार शतक) में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ लगातार वृद्धि देखी गई।

2011 में उन्होंने 34 पारियों में चार शतक लगाकर अपना दमखम दिखाया।



## सुडोकू 6380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

SENSEX BSE 65794.73 ▼ 187.75 19731.80 ▼ 33.40 MCX Gold 60745 ▲23 silver 73161 ▼ 191

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## जम्मू एंड कश्मीर बैंक ने बढ़ाई एफडी पर ब्याज दर

**नई दिल्ली।** जम्मू एंड कशमीर बैंक की ओर से एफडी की ब्याज दरों में इजाफा किया गया है। नई बढ़ोतरी के बाद बैंक की ओर से आम निवेशकों को 3.5 प्रतिशत से लेकर 7.50 प्रतिशत तक का ब्याज दिया जा रहा है। जम्मू एंड कश्मीर बैंक की वेबसाइट के मुताबिक नई ब्याज दरें 11 नवंबर,2023 से लागू हो गई है जानकारी के मुताबिक, बैंक द्वारा 555 दिनों की स्पेशल एफडी की ब्याज दर को 0.40 प्रतिशत बढ़ाया गया है। अब इस एफडी पर 7.50 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। वहीं, 222 दिनों की स्पेशल एफडी पर 6.3 प्रतिशत और 333 दिनों की स्पेशल एफडी पर 6.6 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है।



## उज्जैन: मंडी में मुहूर्त के सौदे, डॉलर चना की नीलामी 16123

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में शनिवार मूहर्त की नीलामी हुई। नीलामी में सबसे ज्यादा नीलामी 16113 रुपए की डालर चने की बैलगाड़ी की हुई। दिवाली के बाद अच्छे मोहर्त की नीलामी के लिए किसान 2 दिन पूर्व ही बैलगाड़ी लेकर मंडी पहुंचने लगे थे। उज्जैन की चिमनगंज कृषि उपज मंडी में दिपावली के बाद मुहूर्त के सौदे शनिवार को किए गए। व्यापारियों ने गणेश मंदिर पर आरती कर मंडी में सोयाबीन गेहूं चना उड़द की खरीदी ऊंचे दामों पर की। सोयाबीन 8551 रुपए प्रति क्विंटल बिका। डालर चना 16113 रुपए गेहूं 3551 रुपए, मक्का 5101 रुपए ज्वार ?4551 रुपए प्रति कुंतल बिका है । उज्जैन की चिमनगंज कृषि उपज मंडी 7 दिन के अवकाश के बाद शनिवार को फिर से शुरू हो गई । दरअसल, यहां दीपावली पर्व का अवकाश शुक्रवार को मतदान होने के कारण मुहूर्त के सौदे शनिवार को किए गए। शनीवार सुबह व्यापारियों ने पूजन अर्चन करने के बाद मंडी की शुरुआत की यहां बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल बेचने के लिए आए हुए हैं । मंडी में ऊंचे दामों पर फसल खरीदने के लिए मंडी के व्यापारियों ने लॉटरी सिस्टम से टोकन निकाले। सुबह मुहूर्त के सौदों की शुरुआत हुई। यहां गेहूं चने ज्वार मक्का और सोयाबीन की नीलामी बोली व्यापारियों ने लगाई।

# खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट



***नई दिल्ली।*** *त्यौहारी सीजन के बीच आम आदमी के लिए राहत की खबर है. दरअसल, खाने के तेल की कीमतों में गिरावट आई है. विदेशी बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच आयातकों द्वारा लागत के मुकाबले घाटे में बिकवाली के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन को छोड़कर बाकी खाद्य तेल-तिलहनों में गिरावट दर्ज हुई. लागत से कम दाम पर बिक्री के कारण सोयाबीन और सरसों तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए.*

**मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए-** न्यूज एजेंसी पीटीआई को कारोबारी सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट थी और यहां शाम का कारोबार बंद है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में 1 फीसदी से ज्यादा का सुधार चल रहा है. उन्होंने कहा कि प्रमुख तेल संगठन एसईए ने ऑयलमील के निर्यात के आंकड़े जारी किये हैं लेकिन इसके साथ उन्हें नवंबर-दिसंबर में सोयाबीन डीगम (सॉफ्ट आयल) के हुए लदान के आंकड़ों के संदर्भ में भी सरकार को अवगत कराना चाहिए क्योंकि इन महीनों में सोयाबीन डीगम का आयात घटने की आशंका है. आने वाले दिनों में डीगम तेल की मांग सामान्य रूप से बढ़ने की संभावना है. बाजार में किसान पहले ही बिक्री के लिए अपनी कम उपज ला रहे हैं. गौरतलब है कि गर्मियों में इसी सोयाबीन डीगम तेल का लगभग 4-4.5 लाख टन का आयात हो रहा था. सूत्रों ने कहा कि दूसरी चिंता का विषय यह है कि आयातक अपनी लागत के मुकाबले कम दाम पर बंदरगाहों पर आयातित सोयाबीन डीगम तेल बेच रहे हैं जो कहीं न कहीं आयातकों की आर्थिक बदहाल स्थिति को दर्शाता है. ऐसा उस देश में हो रहा है जहां खाद्य तेलों की लगभग 55 फीसदी की कमी को आयात से पूरा किया जाता हो. इन सब बातों की किसी को खबर लेनी होगी. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 17 नवंबर तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले इस रबी मौसम में सरसों के खेती के रकबे में लगभग एक प्रतिशत और मूंगफली खेती के रकबे में लगभग 21 फीसदी की कमी आई है.

**तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे-**

**सरसों तिलहन** - 5,725-5,775 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली - 6,650-6,725 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,305-2,590 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी- 10,700 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी- 1,810 -1,905 रुपये प्रति टिन , सरसों कच्ची घानी- 1,810 -1,920 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,500 रुपये प्रति क्विंटल , सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 10,300 रुपये प्रति क्विंटल ,सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,900 रुपये प्रति क्विंटल ,सीपीओ एक्स-कांडला- 8,450 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल ,पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,300 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला- 8,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल ,सोयाबीन दाना - 5,375-5,425 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज- 5,175-5,225 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल

## सेबी ने बिना पैन कागजी रूप में प्रतिभूतियां रखने वालों के लिए नियम सुगम किए

***नई दिल्ली।*** *भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कागजी रूप में प्रतिभूतियों को रखने वालों के लिए नियमों को सुगम बनाया है। इसके तहत पैन, केवाईसी (अपने ग्राहक को जाने) विवरण और 'नॉमिनेशन' के बिना प्रतिभूतियों पर रोक लगाने की जरूरत के प्रावधान को खत्म करने का फैसला किया गया है।*



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को एक परिपत्र में कहा कि इस पहल का मकसद नियम को सरल बनाना है। यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रजिस्ट्रार एसोसिएशन ऑफ इंडिया और निवेशकों से सुझाव मिलने के बाद यह फैसला किया गया है।

नियम के तहत सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक रूप से यानी कागजी रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले सभी के लिये पैन, 'नॉमिनेशन, संपर्क ब्योरा, बैंक खाता विवरण और संबंधित 'फोलियो नंबर के लिये नमूना हस्ताक्षर देना अनिवार्य था। सेबी ने मई में कहा था कि जिन 'फोलियो में ऐसे दस्तावेजों में से कोई भी एक अक्टूबर, 2023 को या उसके बाद उपलब्ध नहीं होगा, उन पर निर्गम पंजीयक और 'शेयर ट्रांसफर एजेंटों (आरटीए) को रोक लगाना आवश्यक है। नियामक ने मई में जारी परिपत्र में संशोधन करते हुए सेबी ने कहा कि 'रोक' ('फ्रीज') शब्द हटा दिया गया है। सेबी ने कहा, ''रजिस्ट्रार एसोसिएशन ऑफ इंडिया से प्राप्त प्रतिवेदन, निवेशकों से मिले सुझाव के आधार पर और बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 और या धन शोधन रोधक अधिनियम के तहत शेयर पर रोक लगाने और उससे जुड़ी...प्रशासनिक चुनौतियों को कम करने के लिये उपरोक्त प्रावधान को खत्म करने का निर्णय लिया गया है।

## नियमों में बदलाव से बैंकों को 84,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त पूंजी की जरूरत: एसबीआई अर्थशास्त्री

***मुंबई।*** *भारतीय रिजर्व बैंक के असुरक्षित माने जाने वाले कर्ज के लिए नियम सख्त करते हुए जोखिम भार बढ़ाए जाने से बैंकों को 84,000 करोड़ रुपए की पूंजी की जरूरत होगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने यह बात कही है।*

रिजर्व बैंक ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज, क्रेडिट कार्ड जैसे कर्ज से जुड़े नियम को सख्त कर दिया। संशोधित मानदंड में जोखिम भार में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई। अर्थशास्त्रियों ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि चूंकि प्रमुख नीतिगत दर रेपो उच्चस्तर पर पहुंच चुकी है, ऐसे में आरबीआई वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नकदी प्रबंधन और सूझबूझ वाले वृहद आर्थिक उपायों का सहारा ले रहा है। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने कहा, ''बढ़े हुए जोखिम भार का तत्काल प्रभाव यह होगा कि बैंकों को अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होगी। हमारा अनुमान है कि बैंक उद्योग को इससे 84,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त पूंजी की जरूरत होगी।

एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जोखिम भार बढ़ाने के निर्णय के जरिए संभवत: आरबीआई ने एक मजबूत संदेश दिया है। इसके जरिये उसने संदेश दिया है कि वह किसी भी शुरुआती वित्तीय स्थिरता को लेकर जोखिम से निपटने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आरबीआई ने जो कदम उठाया है, वह बैंकों और एनबीएफसी में संपत्ति के मोर्चे पर दबाव और उससे नुकसान की पहचान की दिशा में उठाए जा रहे कदमों के अनुरूप है।

# चालू रबी सत्र में अब तक गेहूं की बुवाई 5 प्रतिशत घटकर 86 लाख हेक्टेयर पर

***नई दिल्ली।*** *चालू रबी मौसम में अबतक गेहूं की बोआई का रकबा पांच प्रतिशत घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले साल की समान अवधि में गेहूं का रकबा 91.02 लाख हेक्टेयर था।*

मंत्रालय ने कहा, ''पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस बार लगभग 86.02 लाख हेक्टेयर रकबे में बोआई हुई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 5.01 लाख हेक्टेयर कम रकबे में बोआई की गई है।''अब तक उत्तर प्रदेश (3.87 लाख हेक्टेयर), पंजाब (2.28 लाख हेक्टेयर), हरियाणा (2.14 लाख हेक्टेयर) और गुजरात (0.71 लाख हेक्टेयर) में गेहूं बोआई का रकबा कम है। गेहूं का अधिक बोआई रकबा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश (3.44 लाख हेक्टेयर) और राजस्थान (0.68 लाख हेक्टेयर) में बताया गया है। सरकार ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।



इसके अलावा वह घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अपने बफर स्टॉक से गेहूं को खुले बाजार में उतार रही है। आंकड़ों के अनुसार, चालू रबी सत्र में 17 नवंबर तक धान का रकबा 8.05 लाख हेक्टेयर की तुलना में 7.65 लाख हेक्टेयर यानी कम है, जबकि दालों की बोआई का रकबा 69.37 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस बार 65.16 लाख हेक्टेयर है।हालांकि, मोटे अनाज का रकबा 15.85 लाख हेक्टेयर के मुकाबले अधिक यानी 18.03 लाख हेक्टेयर है।

गैर-खाद्यान्न श्रेणी में, तिलहन खेती का रकबा 73.17 लाख हेक्टेयर से घटकर 71.74 लाख हेक्टेयर रह गया है। सरसों/रैपसीड का रकबा 69.31 लाख हेक्टेयर की तुलना में घटकर 68.55 लाख हेक्टेयर रह गया है। 17 नवंबर तक सभी रबी फसलों के तहत खेती का कुल रकबा तीन प्रतिशत घटकर 248.59 लाख हेक्टेयर रह गया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 257.46 लाख हेक्टेयर था।

### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62100 चांदी रिफाइन - 74500

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62100 चांदी रिफाइन - 74500

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.27 |
| एक यूरो | 90.85 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103 .80 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 19 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |

### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# अमेजन ने भारत में की कर्मचारियों की छंटनी

***नई दिल्ली।*** *आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के बीच, अमेजन ने भारत सहित अपने एलेक्सा डिवीजन से कई सौ कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की है।भारत में इस फैसले से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या अभी तक पता नहीं चल सकी है।*

ई-कॉमर्स दिग्गज अगले सप्ताह भारत में प्रभावित सहकर्मियों से संवाद करेंगे। कर्मचारियों को भेजे गए एक ज्ञापन में, एलेक्सा और फायर टीवी टीम के उपाध्यक्ष डैनियल रौश ने कहा कि कंपनी कई सौ कर्मचारियों को निकाल रही है।

उन्होंने ज्ञापन में कर्मचारियों से कहा, जैसे-जैसे हम आविष्कार करना जारी रखते हैं, हम अपने कुछ प्रयासों को अपनी व्यावसायिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर ढंग से संरेखित करने के लिए स्थानांतरित करते हैं, और जो हम जानते हैं वह ग्राहकों के लिए सबसे अधिक मायने रखता है, जिसमें जेनरेटर एआई पर केंद्रित हमारे संसाधनों और प्रयासों को अधिकतम करना शामिल है। रौश ने कहा, ये बदलाव हमें कुछ पहलों को बंद करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिसके चलते कई सौ भूमिकाएं समाप्त हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी अगले सप्ताह भारत में प्रभावित सहकर्मियों के साथ संवाद करेगी, और अन्य क्षेत्रों में स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन कर रही है, जिसमें कर्मचारी प्रतिनिधि निकायों के साथ परामर्श के लिए समय शामिल हो सकता है, और संभवत: संचार के लिए लंबी समयसीमा हो सकती है।

अमेजन ने बंद की जा रही पहलों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ई-कॉमर्स दिग्गज ने पिछले साल कंपनी-व्यापी कटौती के हिस्से के रूप में अपने डिवाइसेस एंड सर्विसेज डिवीजन में छंटनी की थी। रौश ने कहा कि जेनेरेटिव एआई में निवेश पहले से कहीं अधिक सहज, बुद्धिमान और उपयोगी एलेक्सा के लिए हमारे दृष्टिकोण को करीब ला रहा है।

हम अमेरिका और कनाडा में उन सहकर्मियों तक पहुंचेंगे जो इन भूमिकाओं में कटौती से प्रभावित हैं। अधिसूचना ईमेल शीघ्र ही भेजे जाएंगे, और हम उम्मीद करते हैं कि .एस और कनाडा में सभी सूचनाएं आज सुबह (प्रशांत समय) पूरी हो जाएंगी,ज्ञापन में आगे कहा गया, हम अमेरिका और कनाडा में उन सहकर्मियों तक पहुंचेंगे जो इन भूमिकाओं में कटौती से प्रभावित हैं। नोटिफिकेशन ईमेल जल्द ही भेजे जाएंगे, और हम उम्मीद करते हैं कि दक्षिण और कनाडा में सभी सूचनाएं आज सुबह (प्रशांत समय) पूरी हो जाएंगी।

इसमें कहा गया है, आपमें से जो लोग इन कटौतियों से प्रभावित हुए हैं, कृपया जान लें कि हमने यह निर्णय हल्के में नहीं लिया है। कंपनी प्रभावित कर्मचारियों को पैकेज प्रदान कर रही है जिसमें सेपरेशन पेमेंट, ट्रांजिशनल हेल्थ इंश्योरेंस बेनिफिट्स, एक्सटर्नल जॉब प्लेसमेंट सपोर्ट और जॉब सर्च करने के लिए पेड टाइम शामिल है।

## कतर ने भारत की एलएंडटी पर लगाया 239 करोड़ रुपये का कर जुर्माना

**मुंबई।** भारत की निर्माण और इंजीनियरिंग दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) पर कतर के आयकर अधिकारियों ने कंपनी द्वारा घोषित आय और विभाग के आकलन में कथित भिन्नता के लिए 111.31 करोड़ रुपये और 127.64 करोड़ रुपये के अलग-अलग दो जुर्माने लगाए हैं.कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी.

एलएंडटी ने नियामक बयान में कहा, अप्रैल 2016 से मार्च 2017 और अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के बीच कर निर्धारण अवधि के लिए जुर्माने लगाये हैं जिनकी कुल राशि 238.9 करोड़ रुपये है. कंपनी का मानना है कि यह मनमाना और अनुचित है. इस जुर्माने के खिलाफ एक अपील दायर की गई है. कंपनी ने कहा कि वह अपीलीय स्तर पर अनुकूल परिणाम को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और इससे कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है.खाड़ी क्षेत्र एलएंडटी के लिए एक प्रमुख बाजार है. चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर छमाही में उसके ऑर्डर प्रवाह में 41 प्रतिशत का योगदान इसी क्षेत्र का है.

## नेहा जोशी निभायेंगी 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार!

***मुंबई।*** *एण्ड टीवी द्वारा अपने नये शो 'अटल' की घोषणा के बाद से ही इंडस्ट्री में इसके प्रमुख किरदारों को निभाने के लिये चुने जाने वाले कलाकारों को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। इस शो में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनसुने पहलुओं को प्रदर्शित किया जायेगा। हाल ही में टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री नेहा जोशी को छोटे अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है।*



यूफोरिया प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस शो में अटल के एक लीडर के रूप में उभरने वाले सालों को गहराई से दिखाया जायेगा, जिन्होंने भारत की तकदीर लिखने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में ब्रिटिश शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की कहानियां दिखाई जायेंगी और उन घटनाओं, मान्यताओं एवं चुनौतियों पर रौशनी डाली जायेगी, जिन्होंने उन्हें एक लीडर के रूप में गढ़ा। अपने किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुये नेहा जोशी ने कहा, ''नन्हें अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने का मौका पाकर मैं कितना गौरवान्वित महसूस कर रही हूं, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। इतिहास और राजनीति कृष्णा देवी का पैशन है, लेकिन इसके बावजूद वह अपने पति वाजपेयी जी की एक समर्पित समर्थक भी बनीं। अपने परिवार में सामंजस्य को बरकरार रखना उनकी जिंदगी का मिशन है और वह अपने पति के हर फैसले में पूरी दृढ़ता से उसके साथ खड़ी है। अपने दृढ़ संकल्प और गहरी धार्मिक प्रतिबद्धता के साथ वह चुपचाप ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध करती है और पूरे उत्साह के साथ भारत की आजादी की कामना करती है। कृष्णा वह आधार है।

## एचडीएफसी बैंक ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह मनाया

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक, भारत में प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंक ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह (आईएफएडब्ल्यू) के उपलक्ष्य में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडिमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) के सहयोग से 'बैंकिंग/फाइनेंशियल साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन' पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की। यह लगातार चौथा वर्ष है जब एचडीएफसी बैंक आईएफएडब्ल्यू के दौरान साइबर धोखाधड़ी जागरूकता में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

इस सम्मेलन के माध्यम से, एचडीएफसी बैंक का लक्ष्य विशेषज्ञों, प्रेक्टिशनर्स, नीति निर्माताओं और हितधारकों को साइबर अपराध की रोकथाम पर अपनी गहन जानकारी, अनुभव और बेस्ट प्रेक्टिसिज को शेयर करने और साइबर सुरक्षा और लचीलापन बढ़ाने के लिए ठोस और कार्रवाई योग्य सिफारिशें तैयार करने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। कॉन्फ्रेंस में इलेक्ट्रॉनिक्स और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय, आईआईपीए, गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी), नेशनल साइबर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेटर (एनसीएससी), सीईआरटी-इन, दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और अग्रणी बैंकों और वित्तीय मध्यस्थों के वरिष्ठ अधिकारी के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

एस एन त्रिपाठी महानिदेशक, आईआईपीए (सेवानिवृत्त आईएएस) ने कहा कि ''डिजिटल युग में, साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई के लिए एक संयुक्त मोर्चे की आवश्यकता है। सहयोग और जागरूकता हमारी सबसे मजबूत ढाल होनी चाहिए। इस प्रकार के सहयोग और मान्यता को प्रोत्साहित करके, हम अपनी सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं और एक सुरक्षित और सुविधाजनक फाइनेंशियल परिदृश्य की दिशा में काम कर सकते हैं। हम सकारात्मक हैं कि यह पहल संवाद को मजबूत करेगी और साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सिफारिशें लेकर आएगी जो व्यक्तियों और संगठनों को साइबर अपराध के बढ़ते खतरे से बचा सकती है।

आइए हम व्यक्तियों और संगठनों की सुरक्षा और विश्वास सुनिश्चित करते हुए साइबर खतरों के खिलाफ एक साथ खड़े हों।''


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

आवश्यकता
शिक्षित एवं बेरोजगार परमानेंट जॉब- 10 लड़के एवं 10 लड़कियां की जरुरत है। 5वीं से 12वीं पास तक वेतन 3 हजार से 10 हजार तक
पता- शारदा मंदिर बरेला हरि ऊँ किराना के बाजू में
मो.नं. 9174547445


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# उत्तरी हवाओं से रात का पारा नीचे खिसका, जबलपुर में शीतलहर का पूर्वानुमान

## ग्रामीण अंचलों में शाम ढलते ही कम होने लगी हैं चहल-पहल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में शीत लहर ने आने का संकेत देना शुरू कर दिया है। आस-पास के जिलों मे शाम ढलते ही मौसम में ठंडक घुलने लगी है। मंडला और गुना में तापमान का ग्राफ नीचे की गिरने लगा है। प्रदेश के उज्जैन, शहड़ोल, रीवा, सागर में भी रात के समय का पारा खिसक गया है, ग्रामीण अंचल में शाम के समय होने वाली चहल-पहल कम हो गई है। जबलपुर में इसका प्रभाव होने लगा है। रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले उत्तर की तरफ से आने वाली हवाओं की गति तेज हो जायेगी, जिसके बाद तापमान का ग्राफ और कम होने लगेगा। जबलपुर के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 30.1 और न्यूनतम तापमान 13.5 जो सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है। वहीं बीते साल 18 नवंबर को 26.5 और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं अभी उत्तरी हवाएं तीन से चार किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। इधर जिस तरह मौसम का रूख बदल रहा है उसका नकारात्मक प्रभाव आम जनों के स्वास्थ्य पर भी होने लगा है। सर्दी और जुकाम के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे लोग जिनके रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन्हें कुछ स्वास्थ्य से संबंधित परेशान ज्यादा हो रही है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मौसम की बीमारी से पीड़ितों की संख्या में इजाफा होने लगा है।

हालाकि चिकित्सकों ने कहा है कि तीन से चार दिनों बाद सामान्य उपचार के बाद ठंड के कारण बीमार होने वाले लोग ठीक हो जाते हैं। गर्म कपड़ों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यह और बात है कि अभी दिन के समय हल्की गर्मी और धूप का एहसास बना हुआ है।

उधर ग्रामीण अंचलों में मौसम के मिजाज ने अपना प्रभाव कुछ ज्यादा ही दिखाना शुरू कर दिया है। यहां पर शाम के समय की हलचल कम होने लगी है। लोग जल्द ही अपने घरों में दुबकने लगे हैं, कुछ जगह तो अभी से आग का इस्तेमाल होने लगा है। इसी से समझा जा सकता है कि मौसम के मिजाज ने लोगों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। कृषि के जानकारों का कहना है कि जिस तरह मौसम बन रहा है उसके बाद मटर, चना और दूसरी मौसमी फसलों के लिये फायदे मंद है।

उसी स्थिति में फसल को नुकसान हो सकता है जब पाला पड़ता है जिसकी संभावना अभी नही है। इसके बावजूद किसानों इस तरह की स्थिति को देखते हुये जरूरी तैयारियों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। बहरहाल इस साल बीते साल की अपेक्षा किस तरह की ठंड पड़ेगी इसे लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

# अवैधानिक रूप से जमीन पर निर्माण करने पर मांगा जवाब

## दबंगों ने विधवा की बेशकीमती जमीन पर कर लिया है कब्जा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नक्शा एवं रकवा दुरुस्त किये बगैर ही एक विधवा महिला की जमीन पर अवैधानिक रूप से निर्माण करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी की एकलपीठ ने अनावेदक यशोदानंद मिश्रा व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला मीरा बाई साहू की ओर से दायर कर निर्माण को चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अनावेदक यशोदानंद ने 2013 में नक्शा एवं रकवा दुरुस्त कराने तत्कालीन कलेक्टर के समक्ष प्रकरण पेश किया था। कलेक्टर ने 16 जुलाई 2014 को प्रकरण निरस्त कर दिया। इस आदेश के विरुद्ध यशोदानंद ने किसी भी अन्य अदालत में अपील या रिवीजन पेश नहीं की है। उक्त आदेश को छिपाकर कई वर्ष बाद याचिकाकर्ता की निजी जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। इस पर मीराबाई ने मंझौली तहसीलदार के समक्ष आवेदन पेश किया, जिसमें उनके पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया गया। आरोप है कि इसके बाद राजनीतिक दबाव में याचिकाकर्ता का आवेदन निरस्त कर दिया गया और उनकी अपील भी निरस्त कर दी गई। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता को ही नक्शा एवं रकवा में सुधार करने की सलाह दे दी।

इन दोनों आदेशों के खिलाफ अपर आयुक्त जबलपुर के समक्ष चुनौती दी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सुनवाई का मौका दिये बिना ही अपर आयुक्त ने भी अपील निरस्त कर दी, इसलिए हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि इस तरह के मामलों में राजनीतिक रुप से मजबूत लोग पीड़ित को आर्थिक और मानसिक रुप से परेशान करते हैं। थक हारकर माननीय न्यायालय की शरण में पहुंचने के बाद पीड़ितों को न्याय की उम्मीद बढ़ जाती है इसीलिये आज भी बड़ी संख्या में इस तरह के मामलों में पीड़ित पक्ष न्यायालय की शरण लेते हैं जहां उन्हें इस तरह के तत्वों से अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

# ईवीएम मशीन की सुरक्षा में लगे हथियारों से लैस पुलिस के जवान

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दौरान जबलपुर की 8 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने वाली ईवीएम ओर व्हीव्हीपेट की मशीनों को भारी सुरक्षा के बीच अगले 15 दिनों के लिये स्ट्रांग रुम में रख दिया गया है। यहां पर सुरक्षा के लिये 24 घंटे अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवानों तैनात किया गया है साथ ही सीसीटी कैमरा भी लगाए गये हैं ताकि इसके माध्यम से इस क्षेत्र की 24 घंटे निगरानी की जा सके।

विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार 17 नवंबर को हुए मतदान में इस्तेमाल की गई सभी आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रॉंग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है।

मतदान सामग्री की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्ट्रॉंग रूम को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों और उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सील किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह तथा आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे । स्ट्रॉंग रूम को निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों, उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 3 दिसंबर को मतगणना प्रारंभ होने के पहले खोला जायेगा। स्ट्रॉंग रूम को आज सुबह-सुबह सील करने के बाद इसके चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्ट्रॉंग रूम के मुख्य द्वार पर केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जगह-जगह लगे सीसीटीव्ही कैमरे से भी स्ट्रांगरूम की निगरानी की जा रही है। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को स्ट्रॉंग रूम में सुरक्षित रखने के बाद ऐसे सभी मतदान केन्द्रों के अभिलेखों की संवीक्षा की गई जहां औसत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान हुआ है अथवा जहां मतदान को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थी।

# भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जान से मारने की दी धमकी

**बालाघाट, देशबन्धु।** भले ही विधानसभा चुनाव संपन्न हो गये हैं, लेकिन विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब संभाग के बालाघाट में ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने विरोधी दल पर जान का खतरा होने की शिकायत की है। विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी दी।

इस धमकी का एक वीडियो भी शुक्रवार रात को सामने आ गया। अब इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों पर नामजद केस दर्ज कर लिया है। विधानसभा से भाजपा प्रदेश के बालाघाट जिले की बैहर विधानसभा

**मामला बालाघाट की बैहर विधानसभा का, पुलिस ने 10 को बनाया आरोपी**

क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम सहित 10 कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कांग्रेस कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी देने का आडियो-वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

विधानसभा से जानकारी के अनुसार, आरोप है कि बैहर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के यहां से फोन आया था। उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय भगत सिंह नेताम ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। इसका एक आडियो भी शुक्रवार रात को लोग आक्रोशित हो गए। एकत्रित जनसमूह ने बैहर विधानसभा क्षेत्र के असगरा गांव में सड़क पर जाम लगा दिया।

# खतरनाक, ज्वलनशील, विस्फोट सामग्री रखने वाले रेल यात्रियों की अब खैर नहीं





**यात्री सुरक्षा पर विशेष नजर, स्टेशन पर और गाड़ियों में की जा रही नियमित जांच**

**जबलपुर, देशबन्धु ।** रेल प्रशासन ने अब ऐसे यात्रियों पर नकेल कसने की कवायद तेज की दी है जो अपने साथ चोरी छुपे ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने का काम करते हैं इस तरह के यात्री ट्रेन में गंभीर हादसों का कारण बन जाते हैं। इसी बात को समझते हुए रेलवे की सुरक्षा एजेंसियों ने यात्री गाड़ियों में विशेष सुरक्षा का अभियान शुरु किया है, जिसका असर अब मैदानी स्तर पर देखने को मिलने लगा है। त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते यात्री सुरक्षा एवं रेल संरक्षा सुनिश्चित करने तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के महत्वपूर्ण स्टेशनों सहित अन्य स्टेशनों पर वाणिज्य कर्मियों, आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से समन्वय कर डॉग एस्कार्ट, बम एस्कार्ट की मदद से यात्री सामान, पार्सल, ज्वलनशील वस्तु, बम इत्यादि की विशेष रूप से चैकिंग की जा रही है। स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्टेशन तथा रेलवे परिसर में संदिग्धों पर गहनता से नजर रखी जा रही है।

यात्रा के दौरान धूम्रपान करना, ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा करना रेल अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध भी है। ट्रेनों में ज्वलनशील सामग्री ले जाना रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 164 के तहत दंडनीय अपराध है, जहां अपराधी को रेलवे अधिनियम की धारा 165 के तहत 3 साल तक की जेल या 1,000 रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

यात्रियों से अपील की है कि रेल परिसर एवं गाड़ी के डिब्बों में धूम्रपान ना करें और ना ही किसी भी प्रकार के विस्फोटक, खतरनाक एवं ज्वलनशील सामग्री के साथ यात्रा करें। इससे आप के साथ-साथ सह यात्रियों का भी जीवन खतरे में पड़ने के साथ ही रेल संपत्ति को भी नुकसान हो सकता है।

# पूर्व मंत्री की होटल में चले बम, हमलावारों को तलाश रही पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के रसल चौक स्थित एक होटल के सामने बदमाशों ने बम चला दिए। जिससे हड़कंप मच गया और थोड़ी ही देर में लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई। घटना के बाद होटल के कर्मचारी ने थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया।

मिली जानकारी के अनुसार रसल चौक स्थित एक होटल के सामने बदमाशों ने बम चला दिए। जिससे हड़कंप मच गया और थोड़ी ही देर में लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई। घटना के बाद होटल के कर्मचारी ने थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया। ओमती पुलिस ने बताया कि घमापुर में रहने वाले गोविंद तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रसल चौक स्थित बिग होटल में काम करता है। रात करीब 9.30 बजे होटल के सामने बाइक से कुछ बदमाश आए और विवाद करने लगे। थोड़ी देर बाद गोविंद तिवारी जैसे ही बाहर आया तो बदमाशों ने वहां बम चलाए और गाली-गलौज करते हुए भाग निकले। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बदमाशों की शिनाख्ति के प्रयास में जुटी है। इस घटना को शीतलामाई में 17 नवंबर की रात हुई घटना के बाद राजनीतिक रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह होटल कांग्रेस नेता और पूर्व की है। घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इस मामले को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच विवाद पिछले चुनाव के दौरान भी हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले ने गंभीरता को समझते हुये ऐसे उपाय पर जोर देना शुरू कर दिया है। जिससे क्षेत्र में विवाद न बढ़े और अमन-चैन का माहौल बना रहे।

# रिवीजन का समय कम, विद्यार्थी परेशान

## 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा का टाइम-टेबल जारी, पहली पारी में 9वीं-10वीं, दूसरी में 11वीं-12वीं की परीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित कर दिया। 9वीं-10वीं की परीक्षाएं 6 से 15 दिसंबर और 11वीं-12वीं की 6 से 16 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। 9वीं-10वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक होगी।

इसके बाद सेकंड शिफ्ट में 11वीं-12वीं की परीक्षा होगी। समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। परीक्षा शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नवंबर माह तक के पाठ्यक्रम और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर आयोजित होगी।

**स्टूडेंट्स की मुश्किल ये है-** आधे दिसंबर तक परीक्षा चलने के बाद छात्रों को शेष करीब 35 फीसदी कोर्स पूरा करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगर कोर्स को 15 दिन में भी पूरा करने का टारगेट रखा गया तब भी उन्हें रिवीजन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा। इधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सब कुछ तय कैलेंडर के हिसाब से चल रहा है। विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद अर्द्ध वार्षिक परीक्षा होंगी।

**प्रायोगिक परीक्षाएं भी हैं-** लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा के आयोजन के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। इसके तहत परीक्षाकाल में अगर कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएंगी। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा नौवीं-दसवीं के लिए 6 से 15 दिसंबर के मध्य प्राचार्य अपनी सुविधा के मुताबिक आयोजित कर सकेंगे जबकि हायर सेकंडरी की प्रायोगिक परीक्षा 16 दिसंबर तक ली जा सकेंगी।

# तीन यूनियनों के गठबंधन को इंटक की चुनौती

## आयुध निर्माणी खमरिया में वकर्स और कैंटीन कमेटी चुनाव, नामांकन फॉर्म मिलने शुरु, 9 दिसंबर को होगा मतदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में वकर्स चुनाव को लेकर ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों की बैठकों का दौर आरंभ हो गया है। इसमें चुनाव को लेकर आगे की रणनीति पर प्रमुखता से चर्चा हो रही है। वकर्स और कैंटीन कमेटी चुनाव में इस बार तीन यूनियनों ने मिलकर संयुक्त मोर्चा बनाया है। इनके सामने इंटक की चुनौती होगी, सहमति नहीं बन पाने के बाद इकलौती यूनियन चुनाव मैदान में है। महत्वपूर्ण है कि अनेक दौर की बैठक के बाद तीन यूनियन में संयुक्त मोर्चा बनाने पर पिछले ही हफ्ते सहमति बनी है।

**रणनीति बनाने में जुटे नेता-** दीवाली की छुट्टी और विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बाद अब यूनियनों के नेता अपने चुनाव कीर रणनीति बनाने में जुट गये हैं। संयुक्त मोर्चा की बैठक में जहां उम्मीदवार चयन पर मुख्य फोकस रहा, वहीं इंटक ज्यादा सीट पर कब्जा बनाने की योजना पर कार्य कर रही है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी आम सहमति से उम्मीदवार के चयन पर भी कार्य कर रही है। ताकि मोर्चे में शामिल किसी यूनियन की नाखुशी का सामना न करना पड़े। संयुक्त मोर्चा में कामगार, लैबर और एससी-एसटी यूनियन शामिल हैं। जबकि इनका सामना इंटक से होगा। सूत्रों का कहना है कि दोनों ही प्रतिद्वंद्वी अपने प्रत्याशियों का ऐलान करने से पहले विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी करने पर विचार कर रहे हैं।

**9 दिसंबर को वोटिंग-** निर्माणी में वकर्स कमेटी के 10 पदों के लिए नौ दिसंबर को विभिन्न यूनियनों से जुड़े कर्मी वोट करेंगे। वहीं कैंटीन कमेटी के चार पद हैं। इस बीच माना जा रहा है कि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान के बाद ओएफके में वकर्स चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज होने की संभावना है। ओएफके में कार्य समिति व कैंटीन प्रबंध समिति चुनाव 2023-25 (दो साल) के लिए संक्षिप्त कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। नामांकन फार्म मिलना शुरु हो चुका है।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, मॉंसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 88
मीडियम ब्रॉयलर - रु.106
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 110
मुर्गा बड़ा - रु. 92
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
TIGER-3 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:00 PM 04:00 PM 05:00 PM 06:00 PM 07:00 PM 08:00 PM 09:00 PM 10:00 PM 11:00 PM
KHICHDI 2 10:30 AM 01:00 PM 06:00 PM 10:55 PM
THE MARVELS IN HINDI 3D 02:45 PM
12TH FAIL 09:15 AM 12:00 PM 03:15 PM 08:15 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496